
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित
वर्षः 3 अंकः 188 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 22 अप्रेल 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 08 मूल्य 02 रुपया

## अंग्रेजों के सामने मिट्टी पलीद कराने गए राहुल गांधी कब मानेंगे, चुनाव आयोग ने फिर दिया जवाब

**राहुल गांधी ने बोस्टन यात्रा में महाराष्ट्र चुनावों में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग पर हमला किया. अब चुनाव आयोग ने उनको जवाब दिया है.**

नई दिल्लीः कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी वैसे तो सरकार पर खूब हमला बोलते हैं. सरकार के साथ साथ वह लगातार चुनाव आयोग को भी निशाना बनाते हैं. भारत में तो ये सब ठीक था लेकिन वह अपनी विदेश यात्रा में भी यही चीज जारी रखते हैं. बोस्टन की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान उन्होंने एक बार फिर महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग पर तीखा हमला किया. इसके बाद भारतीय जनता पार्टी उनकी खूब आलोचना कर रही है. इसके अलावा अब चुनाव आयोग ने भी राहुल गांधी को जवाब दिया है.



गांधी के दावे मतदाता मतदान के उन आंकड़ों पर केंद्रित थे. जो उनके अनुसार शारीरिक रूप से असंभव थे. इसके कारण उन्होंने चुनाव आयोग पर "समझौता" करने का आरोप लगाया. राहुल गांधी के आरोप पिछले महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से जुड़े हैं, जहां उन्होंने मतदान के आंकड़ों की सटीकता पर सवाल उठाए थे. उन्होंने बताया कि कुल मतदान राज्य में पात्र मतदाताओं की संख्या से अधिक था. राहुल गांधी ने कहा, "शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान किया. यह शारीरिक रूप से असंभव है."

### चुनाव आयोग का क्या आया जवाब?

चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के दावे को सिरे से खारिज कर दिया. चुनाव आयोग ने कहा, 'राहुल गांधी का महाराष्ट्र चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ने का दावा गलत और काल्पनिक है. फॉर्म 17C और कुल मतदान प्रतिशत में कोई फर्क नहीं. हर बूथ पर फॉर्म 17C राजनीतिक दलों के एजेंट को दिया जाता है.'
चुनाव आयोग ने आगे कहा, 'महाराष्ट्र में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी से जुड़े सवालों और दावों को लेकर कांग्रेस को चुनाव आयोग पहले ही जवाब दे चुका है. महाराष्ट्र चुनाव में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या में बढ़ोतरी पर भी चुनाव आयोग कांग्रेस को जवाब दे चुका है.'

### BJP ने राहुल पर किया पलटवार

राहुल गांधी की टिप्पणी पर बीजेपी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की. बीजेपी ने राहुल पर नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच से हताश होकर भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला करने का आरोप लगाया. भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने चुनाव आयोग की गांधी की आलोचना को अपनी कानूनी परेशानियों से ध्यान हटाने का प्रयास बताया.
वहीं ओडिशा के मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने राहुल गांधी की आलोचना करते हुए उन पर विदेशों में भारत को बदनाम करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा, "विदेशों में भारत को बदनाम करना और न्यायपालिका, संविधान और संसद के खिलाफ बोलना राहुल गांधी की आदत है. यह राष्ट्र के प्रति उनकी सच्ची प्रतिबद्धता को दशार्ता है. उन्हें भारत की न्यायपालिका और चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं है."

## लैपटॉपों की कीमत 15 लाख रखवाली में खर्चा 53 लाख से अधिक

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। समाजवादी पार्टी के ज़िला महासचिव संजीव यादव,जिला उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह बिष्ट, हैदर अली ने ज़िला विद्यालय निरीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा। समाजवादी पार्टी का यह पत्र और मांग बरेली में चर्चा का विषय बन गया है। पार्टी का कहना है कि यह मामला न केवल सरकारी धन के दुरुपयोग को दशार्ता है, बल्कि मेधावी छात्रों के साथ भी अन्याय है, जिन्हें पढ़ाई के लिए लैपटॉप की सख्त जरूरत है। अन्यथा हम लोग आंदोलन को बाध्य होंगे।अब सबकी निगाहें शासन के निदेर्शों और जिला विद्यालय निरीक्षक की कार्रवाई पर टिकी हैं।
इस अवसर पर ज़िला महासचिव संजीव यादव ज़िला उपाध्यक्ष ठाकुर प्रमोद सिंह बिष्ट ने कहा कि अखिलेश यादव ने जो सौगात छात्र छात्राओं के लिए दी थी उसको छात्र छात्राओं को न पहुंचाकर उसकी कीमत का चार गुना सुरक्षा पर तो सरकार खर्च कर सकती है पर छात्र छात्राओं का अधिकार उन्हें ना देकर छात्र छात्राओं के शिक्षा के अधिकार को द्वेष भावना के कारण वंचित कर रहे है...यदि शासन ने छात्रों को उनके लैपटॉप नहीं दिए गए तो बरेली समाजवादी पार्टी आंदोलन को बाध्य होगी।
समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हैदर अली ने बताया कि सपा शासनकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गरीब और मेधावी छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में सहायता के लिए लैपटॉप वितरण की योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत बरेली के राजकीय इंटर कॉलेज में लैपटॉप भेजे गए थे, जिनकी अनुमानित कीमत 15 लाख रुपये है। लेकिन, ये लैपटॉप वर्ष 2016 से कॉलेज के कमरा नंबर 16 में बंद पड़े हैं और इनकी सुरक्षा के लिए



पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। हैदर अली के अनुसार, इन पुलिसकर्मियों की तनख्वाह और अन्य खर्चों के रूप में अब तक 53 लाख रुपये से अधिक का खर्च हो चुका है, जो लैपटॉपों की कीमत से कहीं अधिक है।
दूसरी ओर, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अजीत कुमार ने इस मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि उन्होंने जनवरी 2025 में बरेली में कार्यभार संभाला और इस मुद्दे को उनके संज्ञान में लाया गया है। उनके अनुसार, कार्यालय में उपलब्ध जानकारी के आधार पर अधिकांश लैपटॉपों का वितरण पहले ही किया जा चुका है। शेष लैपटॉप राजकीय इंटर कॉलेज में सुरक्षित रखे गए हैं। डॉ. अजीत ने कहा कि इस संबंध में पहले भी पत्राचार हो चुका है और अब वह शासन को इसकी जानकारी देकर आगे की कार्रवाई करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि शासन से प्राप्त निदेर्शों के आधार पर लैपटॉप वितरण की प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजीव यादव,ठाकुर प्रमोद सिंह बिष्ट,हैदर अली,अमित कुमार, सदाकत मुन्ना, गजेन्द्र कुर्मी,रचित शर्मा,मुदित यादव आदि प्रमुख थे।

## 'जेल में सरकारी आतिथ्य का आनंद लें': सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश के अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई,

**दैनिक समाज जागरण**

मुख्य न्यायाधीश-पदनामित न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने सोमवार को आंध्र प्रदेश के एक राज्य सरकार के अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई, जो कथित तौर पर 2013 में आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के विपरीत आदेशों के बावजूद हैदराबाद में झुग्गियों को ध्वस्त करने में शामिल था।
एनडीटीवी के अनुसार, कोर्ट ने अधिकारी से पूछा, "आपने कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करने के लिए अपने साथ 80 पुलिसकर्मियों को ले गए? आपने जानबूझकर कोर्ट के आदेशों की अवहेलना की?"
न्यायमूर्ति गवई ने चेतावनी दी कि कोर्ट की "गरिमा के साथ खिलवाड़" करने पर व्यक्ति की तत्काल गिरफ्तारी होगी।

## पटना में लगाये जायेंगे दो सौ प्रजातियों के एक लाख पौधे

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ शहर में वायु प्रदूषण से निपटने और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से एक बड़ा अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग एक लाख पौधे लगाए जाएंगे। खास बात यह है कि ये पौधे करीब 200 अलग-अलग प्रजातियों के होंगे, जिनमें आम, महुआ, महोगनी, जामुन, बेल, कटहल जैसे छायादार और फलदार पेड़ शामिल हैं। पौधरोपण का यह कार्य मुख्य रूप से शहर की प्रमुख सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर किया जाएगा। अटल पथ, जेपी गंगा पथ, दीघा घाट जैसे क्षेत्रों में सड़क के दोनों किनारों पर बड़े वृक्षों के पौधे लगाए जाएंगे। इससे न केवल इन इलाकों की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि लोगों को शुद्ध और



ठंडी हवा भी मिल सकेगी। गर्मी के मौसम में इन पेड़ों की छांव यात्रियों और स्थानीय निवासियों के लिए राहतदायक होगी। इस अभियान को प्रभावी ढंग से चलाने के लिए पार्क प्रमंडल और पटना वन प्रमंडल मिलकर काम करेंगे। इसके तहत पटना नगर निगम, दानापुर, फुलवारीशरीफ और खगौल नगर परिषद क्षेत्रों में पौधारोपण के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान की जाएगी। पौधे लगाने से पहले मिट्टी की गुणवत्ता और स्थान की उपयोगिता को ध्यान में रखा जाएगा। शहर में हाल के वर्षों में कई विकास परियोजनाएं शुरू हुई हैं, जिनमें सड़कों का चौड़ीकरण, फ्लाईओवर का निर्माण और अन्य आधारभूत ढांचे का विस्तार शामिल है। इन कार्यों के दौरान बेली रोड, गर्दनीबाग, अटल पथ जैसे क्षेत्रों में कई छोटे और बड़े पेड़ों को या तो काटा गया या ट्रांसप्लांट किया गया। हालांकि, रिपोट्र्स के अनुसार ट्रांसप्लांट किए गए पेड़ों में से करीब 50 फीसदी सूख गए हैं, जिससे हरियाली में भारी गिरावट आई है। अब पौधरोपण अभियान के माध्यम से इस नुकसान की भरपाई की कोशिश की जाएगी। यह न केवल शहर की हरियाली को फिर से बढ़ाने का कार्य करेगा, बल्कि वायु गुणवत्ता में भी सुधार लाएगा। विशेष रूप से बढ़ते प्रदूषण और गर्मी को देखते हुए यह पहल जरूरी और समयानुकूल मानी जा रही है। पटना में पौधरोपण का यह अभियान पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। शहरवासियों को भी इस कार्य में भागीदारी निभानी चाहिए ताकि यह मिशन पूरी तरह सफल हो सके और पटना फिर से हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बन सके।

## वायदा कारोबार मे तेजी, सोना 97 पार

**वायदा कारोबार में सोने की कीमतें रिकॉर्ड 97,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गई**

नई दिल्ली, 21 अप्रैल : स्थानीय मांग में मजबूती के चलते सोमवार को वायदा कारोबार में सोने की कीमतें पहली बार 97,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गईं। सोने की कीमत 2,111 रुपये बढ़कर 97,365 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। लगातार तीसरे दिन बढ़त का सिलसिला जारी रखते हुए, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसी एक्स) पर शाम के सत्र में कीमती धातु के सबसे अधिक कारोबार वाले जून डिलीवरी अनुबंध में 2,111 रुपये या 2.22 प्रतिशत की तेजी के साथ 97,365 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई।
बाद में, जून अनुबंध 2,022 रुपये या 2.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 97,276 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था, जिसमें 23,060 लॉट के ओपन इंटरेस्ट थे।
धातु का अगस्त अनुबंध 2,104



रुपये या 2.19 प्रतिशत बढ़कर 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। अक्टूबर अनुबंध ने 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर लिया, जो 2,617 रुपये या 2.73 प्रतिशत बढ़कर एमसीएक्स पर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। एलकेपी सिक्योरिटीज में कमोडिटी और करेंसी के वीपी रिसर्च एनालिस्ट जतीन त्रिवेदी ने कहा, "नए सप्ताह की शुरूआत में मजबूत खरीदारी के साथ सोने की कीमतों ने अपनी रिकॉर्ड-तोड़ तेजी को जारी रखा। कॉमेक्स गोल्ड 3,400 अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया, जबकि एमसीएक्स गोल्ड ने अपने नए सर्वकालिक उच्च स्तर को दर्ज किया।" टैरिफ तनाव में वृद्धि, अमेरिकी आर्थिक दृष्टिकोण पर चिंता और अमेरिकी ऋण संकट के कारण तेजी को समर्थन मिल रहा है। त्रिवेदी ने कहा कि चीन, वैश्विक केंद्रीय बैंकों और संस्थागत निवेशकों की ओर से लगातार खरीदारी से तेजी की धारणा को बल मिला है।

## रेखा सरकार का हीट एक्शन 2025 लॉंच

**मुख्य संवाददाता/सुषमा रानी**

दिल्लीः दिल्ली में मुख्यमंत्री ने तीन कल रूप पायलट परियोजनाओं का उद्घाटन किया। दिल्ली में बढ़ते तापमान के प्रभावों का मुकाबला करने के उद्देश्य से इस योजना को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुरू किया, जिन्होंने शहर में तीन कूल रूफ पायलट परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया।

### दिल्ली को गर्मी के अनुकूल बनाना लक्ष्यः CM रेखा गुप्ता



मुख्यमंत्री ने कहा, "हमारा मिशन दिल्ली को गर्मी के अनुकूल बनाना, लोगों की जान बचाना और हर मौसम को उसके निवासियों के लिए रहने योग्य बनाना है।" उन्होंने कहा कि सरकार हीटवेव के प्रभाव को कम करने के लिए बड़े पैमाने पर काम कर रही है, जो लगातार और तीव्र होती जा रही है।
दिल्ली में तापमान 52.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। योजना के हिस्से के रूप में सरकार ने अस्पतालों को हीटस्ट्रोक रोगियों के लिए आईसीयू बेड और आवश्यक दवाओं से लैस समर्पित वार्ड बनाने के लिए कहा है।
झुग्गी-झोपड़ियों के पास बनेंगे कूलिंग सेंटर घनी आबादी वाले इलाकों में खासकर फुटपाथ और झुग्गी-झोपड़ियों के पास कूलिंग सेंटर भी बनाए जाएंगे। गुप्ता ने कहा कि अन्य पहलों में ग्रीन रूफ, बस स्टॉप पर छायादार क्षेत्र और हीटवेव के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली शामिल हैं।
उन्होंने कहा कि सरकार मेडिकल पोर्टल और टेक्स्ट मैसेज के जरिए हीटवेव अलर्ट जारी करेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल बच्चों के बीच नियमित रूप से पानी का सेवन सुनिश्चित करने के लिए सख्त दिनचर्या का पालन करेंगे और झुग्गियों में ठंडे आश्रयों की व्यवस्था की जाएगी और ठंडा पीने का पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

### तीन रूफ पायलट परियोजनाओं का उद्घाटन

हुआ मुख्यमंत्री ने कश्मीरी गेट, आनंद विहार और दिल्ली सचिवालय में तीन कूल रूफ पायलट परियोजनाओं का भी वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही ऐसी परियोजनाओं की संख्या बढ़ाई जाएगी। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह, पीडब्ल्यूडी और जल मंत्री परवेश राणा और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## यमुना एक्सप्रेसवे के पास नए रिहाइशी प्लॉटों की स्कीम लायी योगी सरकार

**दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ, 21 अप्रैल। उत्तर प्रदेश में यमुना एक्सप्रेसवे को विश्वस्तरीय आवासीय-अनावासीय सुविधाओं से लैस करने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। सीएम योगी के विजन अनुसार, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) यमुना एक्सप्रेसवे के पास एक नई रिहाइशी स्कीम लेकर आयी है। यह स्कीम सेक्टर-18 (पॉकेट 9बी) में 200 वर्ग मीटर के 276 भूखंडों के आवंटन का मार्ग प्रशस्त करेगी। उल्लेखनीय है कि इस स्कीम में 2 आरक्षित वर्गों को विशेष तौर पर वरीयता दी जाएगी। इसके अंतर्गत किसान वर्ग में उन लोगों को वरीयता दी जाएगी जिनकी जमीनों को यीडा तथा जेवर एयरपोर्ट के निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई है। इसमें से कुल भूखंडों में से 17.5 प्रतिशत भूखंड यानी 48 प्लॉट्स इस केटेगरी के अंतर्गत रिजर्व्ड हैं।
वहीं, फंक्शनल इंडस्ट्रियल यूनिट केटेगरी के अंतर्गत कुल भूखंडों के 5 प्रतिशत प्लॉट्स यानी 14 प्लॉट्स आवेदनकताओं के लिए उपलब्ध होंगे। इसी प्रकार, सामान्य वर्ग के लिए कुल प्लॉट्स में से 77.5 प्रतिशत (214 भूखंड) आवेदन के लिए उपलब्ध है। इस स्कीम को लेकर आवेदन प्रक्रिया की शुरूआत सोमवार से हो चुकी है तथा 21 मई तक यीडा की वेबसाइट के माध्यम से स्कीम में आवेदन किया जा सकेगा।

## भारत की भूमि सेवा की भूमि है, यहां की पहचान है सेवा और त्याग : दत्तात्रेय होसबाले

*श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 5.0 के कार्यकर्ता सम्मान समारोह में सीएम योगी ने कहा, कुछ मिशनरी और वामपंथी कर रहे थे जनजातीय समाज का ब्रेनवॉश*

लखनऊ। लखनऊ के सिटी मांटेसरी स्कूल गोमतीनगर विस्तार ऑडिटोरियम में सोमवार को श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 5.0 के कार्यकर्ता सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माननीय सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले जी ने 'मानव सेवा-माधव सेवा, जनसेवा-जनार्दन सेवा' के मूलमंत्र का अर्थ बताया। उन्होंने कहा कि यह बड़े ही सौभाग्य की बात है कि वर्ष 2019 से सुदूर क्षेत्रों में रहने वाली जनजातियों की सेवा की जा रही है। ऐसे सभी सदस्य जो गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के माध्यम से जनसेवा का महान कार्य कर रहे हैं, वे वंदनीय हैं।

### 'सम्मान कार्यक्रम नहीं, कृतज्ञता का कार्यक्रम है'

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के साथ सीएम योगी ने भगवान श्री धन्वंतरी, भारत माता, गुरु गोरखनाथ और स्वामी वि-



वेकानंद के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।
इसके पश्चात सरकार्यवाह जी ने कहा कि भारत की संस्कृति, ज्ञान, सभ्यता, इतिहास आदि पर गर्व किया जाता है। मगर भारत की भूमि सेवा की भूमि है। यहां की पहचान सेवा और त्याग है। प्रार्थना करने वाले मुख से कहीं अधिक महत्वपूर्ण सेवा करने वाले हाथ होते हैं। इस सेवाकार्य में जुटे डॉक्टर्स ऐसे ही अभिनंदनीय कार्य को साकार कर रहे हैं। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि विकास की मुख्यधारा से पिछड़े लोगों के प्रति कृतज्ञता दिखाएं। इन डॉक्टर्स से प्रेरणा लेते हुये सभी सबको कुछ न कुछ सेवा का संकल्प लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि अभावग्रस्त क्षेत्रों में जाकर सेवा करना वंदनीय कार्य है। अतः यह सम्मान कार्यक्रम नहीं, कृतज्ञता का कार्यक्रम कहा जाना चाहिये।

शेष पृष्ठ 3 पर

# "नाक का लोकतंत्र: एक ऐतिहासिक ब्यंग"

लोग बोलें --- कुछ खास देशभक्त नेताजीयों की नाक अब केवल नाक नहीं रही–यह एक सांविधानिक संस्था, एक राष्ट्रीय धरोहर और एक राजनीतिक पथप्रदर्शक बन चुकी है।---

इन देश हितेषी नाक को अब "राष्ट्रीय नाक" घोषित किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां समझ सकें कि लोकतंत्र सिर्फ जनकल्याण से नहीं, बल्कि बयानबाजी और नाक की लंबाई से भी संचालित होता है।----

इसी विकासशील नाक अब एक जीवंत धरोहर हैं, जिन्होंने कभी भी गरीब जनता को भड़काऊ, गुमराहु और भ्रमित करने वाले बयान नहीं दिये और दिखावटी देशभक्ति की शान तथा सत्ता का अहंकार कभी नहीं किया।-----

आज देश की राजनीति में विशेष नाक का महत्व अचानक इतना बढ़ गया है कि अब संविधान, कानून और लोकतंत्र की परिभाषाएं भी इसके इर्द-गिर्द घूमती नजर आ रही हैं।-------

नई दिल्ली,–संजय सागर सिंह। नोटः इस व्यंग्य में प्रयुक्त चित्रों का इस व्यंग्य में व्यक्त विचारों अथवा कथनों से कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध नहीं है। ये केवल प्रतीकात्मक रूप से उपयोग किए गए हैं और इनका उद्देश्य केवल व्यंग्य की प्रस्तुति को सशक्त बनाना है, न कि किसी व्यक्ति, संस्था या समूह को लक्षित करना।

आज देश की राजनीति में नाक का महत्व अचानक इतना बढ़ गया है कि अब संविधान, कानून और लोकतंत्र की परिभाषाएं भी इसके इर्द-गिर्द घूमती नजर आ रही हैं। कुछ खास नेताजीयों की नाक



अब केवल नाक नहीं रही–यह एक सांविधानिक संस्था, एक राष्ट्रीय धरोहर और एक राजनीतिक पथप्रदर्शक बन चुकी है।

बुजुर्गों और लोगों का कहना है कि जब नेताजी पहली बार चुनाव लड़े थे, तब उनकी नाक आम इंसानों जैसी थी–संतुलित और विनम्र। मगर जैसे-जैसे उन्होंने देशहित और गरीबहित के ह्यऐतिहासिक कार्यह्न किए, उनकी नाक लंबाई और ऊंचाई दोनों में बढ़ती गई। यह विकासशील नाक अब एक जीवंत धरोहर हैं, जिसने कभी भी गरीब जनता को भड़काऊ, गुमराहु और भ्रमित करने वाले बयान नहीं दिये और दिखावटी देशभक्ति की शान, सत्ता का अहंकार नहीं किया।

उन्होंने यह भी बताया कि अब वे नई पार्टी ( महा महा गठबंधन) बनाने की सोच रहे हैं ताकि पुरानी पार्टी पर कोई आपस में आरोप ना लगा सकें, फिर नई को पुरानी बनाएँ और पुरानी को नई। राजनीति में भ्रम बनाए रखना ही उनका नया मिशन है। ये हारे ही नहीं! ये देश और गरीब हित में किये महान और ऐतिहासिक कार्यों की वजह से सस्ता से बाहर आज सड़कों पर हैं और जो बाकि हैं वो भी बहुत जल्द इसी स्तिथि में आने बाले हैं।

उन्होंने सरकार को सुझाव दिया है कि इस नाक को "राष्ट्रीय नाक" घोषित किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां समझ सकें कि लोकतंत्र सिर्फ जनकल्याण से नहीं, बल्कि बयानबाजी और नाक की लंबाई से भी संचालित होता है।

बड़ी नाक बोलीः"हमारी हार जनता की जीत है, और जनता की जीत आखिर हमारी ही जीत है–मतलब, हम हारे ही नहीं! हम अपने अच्छे कार्यों की वजह से आज सड़कों पर हैं।"

एक बुजुर्ग ने जब नेताजी से पूछा कि उनकी नाक इतनी लंबी कैसे हो गई, तो उन्होंने मुस्कुराकर कहा, "ये देश की जनता के प्यार की वजह से हुई है।" हालांकि कोई यह पूछने की हिम्मत नहीं जुटा पाया कि ये प्यार कब फाड़काऊ और गुमराहु ह्यबयानबाजीह्न में बदल गया।

सत्ता में रहते हुए नेताजी के महान जनकल्याणकारी जवाब भी ऐतिहासिक थेः

"पानी नहीं आ रहा? तो समझिए हम जल संरक्षण को बढ़ावा दे रहे हैं!"

"बिजली नहीं है? आत्मनिर्भर बनिए, मोमबत्ती जलाइए, लालटेन से बचपन की यादें ताजा कीजिए!"

"अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं? बीमारियों से खुद लड़िए, प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाइए!"

जनता उनकी इन बातों में इतनी तल्लीन हो गई कि उसे लगने लगा, शायद समस्या में ही समाधान छुपा है।

चुनाव के समय नेताजी के भाषण और भी ऐतिहासिक हो जाते थेः
"हमने गरीबों के इतने काम किए हैं कि गिनने बैठोगे तो उंगलियाँ कम पड़ जाएंगी।"
जब जनता ने पूछा–"बताइए, कौन-कौन से काम?"

नेताजी बोलेः

1. हमारी पार्टी मजबूत हुई,

2. हमारा परिवार समृद्ध हुआ,

3. हमारे करीबी ठेकेदारों की किस्मत चमकी...

और बाकी जनता खुद समझदार है।

सड़क, बिजली, पानी, सफाई व्यवस्था पर नेताजी के जवाब भी लाजवाब थेः

"सड़कों की हालत देख कर मत घबराइए, वोट जितनी लंबी संख्या में देंगे, उतनी लंबी सड़कें बनेंगी।"

"कूड़ा उठाना बाकी है, पर हमने उसे ऐतिहासिक कूड़ा घोषित कर दिया है। योजना बन रही है–चुनाव बाद उठ जाएगा।"

अंत में, जब चुनाव परिणाम आया और नाक बाले नेताजी हार गए।

इनका अंतिम दृश्यः नेताजी संसद भवन के गेट पर खड़े थे, नाक हवा में तनी हुई, और मन में एक ही ख्यालः "काश, हमारी पार्टी कि याददाश्त और काम भी मेरी नाक जितनी लम्बे और देश एवं गरीब जनता के हित में होते तो जनता हमें नफरत से कभी नकारती नहीं। काश! आगे मौका मिला तो हम भी देशहित, न्यायहित और गरीब जनता के हित में काम जरूर करेंगे, जिससे आने वाली पीढ़ियां हमारा भी नाम गर्व से ले सके और हमारा भारत शांति एवं तरक्की के पथ पर और तेजी से अग्रसर हो।

**@राकेश अचल**

# पृथ्वी हमारे अस्तित्व का आधार...!

राजा पृथु ने धरती का किया दोहन,
हुई ये धरा समतल उपजाऊ मोहन।
भारत में पृथ्वी को माता कहा जाता,
राजा का पूरी पृथ्वी से ही रहा नाता।
सबसे पहले धरती पे उगाया अनाज,
संपूर्ण विश्व पे पृथु ने ही किया राज।

राजा पृथु ने धरती का किया दोहन,
हुई ये धरा समतल उपजाऊ मोहन।
सुबह नींद से जाग करों चरण स्पर्श,
जीवन सुखदायी हो धरा पे हो हर्ष।
माता भूमिः पुत्रोअहम पृथिव्याः मंत्र,
धरती पे पैर रख उच्चारण करों यत्र।

राजा पृथु ने धरती का किया दोहन,
हुई ये धरा समतल उपजाऊ मोहन।
संस्कारों में जन्म से लेकर मृत्यु तक,
कृषि से लेकर भवन के निर्माण तक।
'पृथ्वी' आराधना शुभ कार्यों में होती,
अन्न,जल,औषधि,फलफूल,वस्त्र देती।

राजा पृथु ने धरती का किया दोहन,
हुई ये धरा समतल उपजाऊ मोहन।
हम धरती के ऋण से कभी न मुक्त,
सबकुछ असीम दें कर देती हैं तृप्त।
पृथ्वी हमारे अस्तित्व का आधार है,
दिया हमें जो आश्रय ये उपकार हैं।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

# मर्दो की तो दर्द ही निराला है.......

मर्दो पर क्या लिखूं, उसका
तो दर्द ही निराला है।
न कहता है न रोता है, बस
अंदर ही अंदर सहता है।
कभी घरवालों की फटकार
तो कभी बाहरवालों की
दुत्कार,
उसके मन मे एक चीत्कार
उतपन्न होता है।
लेकिन मर्दो का तो दर्द ही
निराला है।
न कहता है न रोता है, बस
भीतर ही भीतर कराहता है।
बीबी की फरमाइशें तथा
बच्चों की आवश्यकताएं
पूरी करते जीवन बीतता है।
फिर भी वह न कहता है न
रोता है, बस अंदर ही अंदर
घुटता है।
मर्दो को तो घर के बाहर
काम की चिंता तथा घर के
अंदर परिवारों की चिंता
खाये जाती है।
फिर भी न वह कहता है न
रोता है, बस दर्दो को दिल मे
दबाए रखता है।
जीवन भर मर्द अपने लिए
नही बीबी बच्चों तथा दूसरे
के लिए कमाता है।
जाड़ा, वर्षा गर्मी सहकर
कमाना ही उसका कार्य है।
फिर भी उसे जीवन मे कभी
न आराम है।
मर्दो पर क्या लिखूं, उसका
तो दर्द ही निराला है।
न कहता है न रोता है बस
अंदर ही अंदर सहता है।

**वेद प्रकाश**

# फैशन : फटी जीन मकसद और संदेश ?



**निर्मल रानी**

वैसे तो विश्व में तरह तरह के फैशन प्रचलित हैं। अनेक फैशन लोगों के शरीर व व्यक्तित्व पर भाते भी हैं । किसी को किसी का फैशन अच्छा लगे या बुरा परन्तु किसी भी फैशन को अपनाने वाले का निजी मामला व उसका अधिकार समझते हुये कोई अन्य व्यक्ति न तो कुछ बोलता टोकता है न ही आपत्ति करता है। और करना भी नहीं चाहिये। परन्तु कुछ फैशन ऐसे भी हैं जिन्हें देखकर आम आदमी आश्चर्यचकित व विचलित जरूर हो जाता है। हालांकि ऐसा फैशन करने वालों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि दूसरे उसके इस फैशन के बारे में क्या सोच रहे हैं। न ही उसे इस बात की चिंता रहती है कि उसके शरीर पर वह फैशन कैसा लग रहा है। उसका मकसद तो बस फिल्मी हीरो हीरोइन की ड्रेसेज की नकल कर व ट्रेंड कर रहे फैशन की मुख्य धारा में शामिल होकर स्वयं को 'फैशनेबल ' साबित करना मात्र है।



ऐसा ही एक अजीबो गरीब फैशन गत लगभग दो दशक से भारत ही नहीं बल्कि लगभग पूरी दुनिया में 'वायरल फैशन ' की तरह पैर पसार चुका है। और वह है 'फटी जीन ' अथवा रिप्ड जीन का फैशन। चूँकि 1970 से पहले जींस मंहगी हुआ करती थी और गरीब लोग नई जीन न खरीद पाने के चलते मजबूरीवश फटी जीन पहना करते थे। उस जमाने में फटी जींस पहनना गरीब होने की निशानी होती थी। और 1970 के दशक में ही फटी जींस का चलन हॉलीवुड सिनेमा से प्रारंभ हो गया था जो भारत में वालीवुड के माध्यम से बाद में आया। परन्तु गत दो दशक से तो इस फैशन ने युवाओं व युवतियों के बीच कुछ ज्यादा ही जोर पकड़ लिया है। नई जीन की पैंट को हाथों या लेजर के मदद से इसे फेंट फेंट कर फाड़ा जाता है। इस क्रिया के बाद फटी हुई जीन और भी महंगी हो जाती है। फटी या रिप्ड जीन स्किन फिट , स्लिम फिट , टेपर्ड, रेगुलर फिट , और रिलैक्स्ड फिट आदि मॉडल की पैंट्स में उपलब्ध होती है। इन्हीं डेनिम में एक एक्सट्रीम कट हाई रेज जींस भी होती है जिसका आगे व पीछे दोनों ओर का 80-90 प्रतिशत भाग गायब होता है। यह सबसे मंहगी अर्थात ब्रांड के अनुसार 30-40 व 50 हजार रुपए तक भी मिलती है। कुछ लोग ऐसी जीन पहन कर अपने आप को एक अनोखा लुक देना चाहते हैं। इस फैशन का कद्रदानों के अनुसार यह उन्हें एक अनूठा और स्टाइलिश लुक देती है। जबकि समाज का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो ऐसे फैशन को अनुचित व बेहूदा समझता है। बड़े आश्चर्य की बात है कि इस यह अजीबो गरीब पहनावा फैशन कैसे बन गया और बना भी तो यह फैशन ट्रेंड कैसे कर गया ? सच पूछिये तो फटी जीन धारण करने वाला इसे पहनने के सिवा स्वयं ही इस अनर्गल फैशन की तार्किकता इसके मकसद और संदेश के बारे में नहीं जानता ?

# तूतियों की आवाज के पीछे हैं नक्कारे

हमारे दादा कहा करते थे कि तूतियों की आवाज पर कोई ध्यान नहीं देता ,हालांकि देना चाहिए क्योंकि कभी-कभी इन तूतियों की आवाज के पीछे नक्कारों की आवाज भी छिपी होती है। तूती के बारे में आमतौर पर लोग कम ही जानते है। तूती का सीधा रिश्ता सुर और कर्कशता से है । तूती एक वाद्ययंत्र भी है और एक छोटे आकार का तोता भी । दोनों की आवाज पतली लेकिन कर्कश होती है ,लेकिन जब नक्कारखाने में तमाम तरह के वाद्य बजते हैं तो अक्सर तूती की आवाज दब जाती है और यहीं से एक मुहावरा जन्म लेता है -' नक्कारखाने में तूती की आवाज ' का यानि बड़े दरबारों में आम आदमी की बात सुनी नहीं जाती। लेकिन आज कलियुग है । नक्कारखानों में तूतियों की आवाजें खूब गूँज रहीं हैं।गूँज ही नहीं रहीं बल्कि उन्हें सुना जा रहा है।
मुद्दे की बात ये है कि आजकल टूटियां हर तरफ पायी जातीं है। राजनीति में भी ,साहित्य में भी और फिल्मी दुनिया में भी। मैं इन तूतियों के बारे में लिखना नहीं चाहता था ,लेकिन लिखना पड़ रहा है। देशज भाषा में तूतियों को 'चूतिया' भी कहा जाता है। सभ्य समाज में ये शब्द असंसदीय है लेकिन देशज समाज में ये आम बोल- चाल का शब्द है और इस शब्द का इस्तेमाल ऐसे लोगों के लिए किया जाता है जो अधजल गगरी की तरह अपना ज्ञान छलकाते रहते हैं। ये तूतिया टाइप के लोग कोई धनकड़ भी हो सकता है ,कोई निशिकांत भी हो सकता हैऔर कोई मनोज मुन्तशिर भी।
निशिकांत जाति से ब्राम्हण हैं लेकिन उन्हें केवल दो ही वेद पढ़े हैं। उनका उपनाम दुबे है । उन्होंने देश के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश को निशाने पर लेकर अदालत की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट ही कानून बनाएगा, तो संसद को बंद कर देना चाहिए. दुबे ने तो यहां तक कह दिया कि इस देश में जितने भी ह्यगृहयुद्धह्न हो रहे हैं, उसके लिए चीफ जस्टिस संजीव खन्ना जिम्मेदार हैं। दुबे जी के इस ब्यान से इधर भाजपा ने पल्ला झाड़ा उधर उनके समर्थन में भाजपा के दूसरे सांसद नमूदार होने लगे हैं। भाजपा सांसद अग्निमित्रा पॉल ने निशिकांत दुबे का समर्थन किया. उन्होंने कहा, उन्होंने सही बात कही है. राष्ट्रपति भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति करते हैं. फिर सीजेआई राष्ट्रपति के आदेश को कैसे नकार सकते हैं? वह देश के सांसदों और नीति निमार्ताओं के फैसले को कैसे नकार सकते हैं?जबकि निशिकांत कोटमां गृहयुद्धों के लिए अपने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को जिम्मेदार ठहरना चाहिए था।
भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एस. वाई. कुरैशी पर भी निशाना साधा । उन्होंने कहा कि कुरैशी चुनाव आयुक्त नहीं, बल्कि 'मुस्लिम आयुक्त' थे। दुबे ने यह टिप्पणी कुरैशी द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम की आलोचना के बाद की। कुरैशी ने इस अधिनियम को मुसलमानों की जमीन हड़पने की सरकार की योजना बताया था। कुरैशी भारत के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त हैं।निशिकांत का इस्तेमाल भाजपा सांसद के भीतर और सांसद के बाहर उन लोगों के खिलाफ करती है जिनसे वो खुद भयभीत रहती है। आप धनकड़ हों या दुबे ,दुबे हों या और कोई। भाजपा के पास ऐसी तूतियों की कमी नहीं है।
पंडित निशिकांत से पहले हमारे देश के विद्वान उप राष्ट्रपति महामहिम जगदीप धनकड़ साहब सुप्रीम कोर्ट पर राशन-पानी लेकर चढ़ चुके हैं। धनकड़ साहब को सुप्रीम कोर्ट को संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिली शक्तियों पर ऐतराज है । वे इन शक्तियों को न्यूक्लियर मिसाइल कहते हैं। धनकड़ साहब भाजपा के देवतुल्य कार्यकताओं की तरह प्रतिक्रियाएं देने के लिए प्रसिद्ध हैं। धनकड़ साहब चूंकि कानूनविद हैं इसलिए उनकी टिप्पणी पर मुझे भी हंसी आयी और देश के तमाम लोगों को भी हंसी आयी। लेकिन धनकड़ साहब पर इसका कोई असर नहीं हुआ। हो भी नहीं सकता। उन्हें तो तूतियों की तरह बजना है।
हमारी फिल्मी दुनिया में भी इस तरह की तूतियाँ हैं जो जब-तब बजाकर अपने आपको देशभक्त,मोदी भक्त साबित करने कि कोशिश करती रहतीं है। फिल्मी दुनिया में एक होते हैं अनुराग कश्यप और एक होते हैं मनोज मुन्तशिर।अनुराग कश्यप ने भी देश कि एक बुद्धिमान जाति के बारे में एक अजीब सी टिप्पणी कि तो उस जाति के लोगों से ज्यादा मनोज मुन्शीर बमक उठे। मनोज ने अनुराग कश्यप को औकात में रहने कि नसीहत दे डाली। अनुराग के खिलाफ एक निशिकांत दुबे बोलना भूले तो दूसरे दुबे जी बोल उठे। केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने इस मामले पर कहा है कि -'यह नीच व्यक्ति अनुराग कश्यप सोचता है कि वह पूरे ब्राह्मण समुदाय पर गंदी बातें कहकर बच जाएगा? अगर उसने तुरंत सार्वजनिक माफी नहीं मांगी, तो मैं कसम खाता हूं कि उसे कहीं शांति नहीं मिलेगी. इस गंदे मुंह वाले के नफरत भरे बोल अब और बर्दाश्त नहीं. हम चुप नहीं रहेंगे!"
अब आप अनुमान लगा सकते हैं कि हमारे देश में नेता और साहित्यकार कितने फुरसत में हैं और किस तरह से अपने नक्कारों [नाकारा नेताओं ]के लिए बेशर्मी के साथ तूती बने हुए हैं। ये तमाम तरह की तूतियाँ दरअसल पैदा ही होतीं है पी-पीं-पीं करने के लिए है। ये सुरीली नहीं होतीं लेकिन कर्कश होने की वजह से लोगों का ध्यान अपनी और खींचती जरूर हैं। कोशिश कीजिये कि आपके आसपास ऐसी तूतियाँ बजे ही नहीं और यदि वे बजती हैं तो सावधान हो जाएँ कि तूतियों की आवाज उनकी अपनी नहीं बल्कि उन नक्कारों की है जो दूर के ढोल की तरह सुहावने जरूर लगते हैं किन्तु होते नहीं हैं। इनके बजने का मतलब कोई न कोई आसन्न संकट होता है।

**@ राकेश अचल**

# अनुकूल परिदृश्य

अनुमान है कि 2025 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून से होने वाली वर्षा सामान्य से करीब पांच फीसदी बेहतर रहेगी। वर्ष 2024 में मॉनसून का मौसम अनुकूल रहा था और दीर्घावधि के औसत की तुलना में 7.6 फीसदी अधिक वृद्धि देखने को मिली थी। भारतीय मौसम विभाग ने अपने मॉनसून संबंधी पूर्वानुमान में इस बार फिर अच्छी बारिश का अनुमान प्रस्तुत किया है। उसका अनुमान है कि 2025 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून से होने वाली वर्षा सामान्य से करीब पांच फीसदी बेहतर रहेगी। भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र के ऊपर बने हालात तथा तटस्थ अल नीनो प्रभाव के बीच और ला नीना जैसी परिस्थितियां बनने के कारण अनुमान लगाया जा रहा है कि भारतीय उपमहाद्वीप के ऊपर मॉनसून का मजबूत प्रवाह निर्मित होगा। बहरहाल, मॉनसून का वितरण एकरूप होने की उम्मीद नहीं है। बिहार, तमिलनाडु तथा पूर्वोत्तर के कुछ क्षेत्रों में सामान्य से कम वर्षा होने की आशंका है। सिंचाई के रकबे में सुधार के बावजूद कृषि उत्पादन के लिए दक्षिण पश्चिम मॉनसून का बेहतर होना अहम है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी किए गए सकल घरेलू उत्पाद के दूसरे अग्रिम अनुमानों के मुताबिक कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में 2024-25 में 4.4 फीसदी की वृद्धि दर रह सकती है जबकि 2023-24 में वह 2.7 फीसदी थी। औसत से अधिक वर्षा होने के कारण इस वर्ष भी समग्र वृद्धि को बल मिलने की उम्मीद है। अच्छा मॉनसून रबी की फसलों के लिए भी बेहतर साबित होगा क्योंकि नमी बढ़ेगी और जलाशयों में अधिक पानी रहेगा। गत वर्ष हुई अधिशेष बारिश के कारण 2024-25 के कृषि उत्पादन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा और गत वर्ष की तुलना में खरीफ तथा रबी का खाद्यान्न उत्पादन क्रमशः 7.9 फीसदी और 6 फीसदी बढ़ने का अनुमान है। इससे खाद्यान्न कीमतों को नियंत्रित रखने में भी मदद मिली। तथ्य तो यह भी है कि ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश की खुदरा मुद्रास्फीति की दर मार्च में 3.34 फीसदी रही जो फरवरी के 3.61 फीसदी से थोड़ी अधिक थी। यह अगस्त 2019 के बाद की सबसे निचली दर है। इस बीच खाद्य मुद्रास्फीति की दर जिसने हेडलाइन मुद्रास्फीति दर को ऊंचे स्तर पर रखा था वह फरवरी के 3.75 फीसदी से कम होकर मार्च में 2.69 फीसदी रह गई। यह नवंबर 2021 के बाद का सबसे निचला स्तर था। अच्छे मॉनसून से खाद्यान्न कीमतें नियंत्रित रहेंगी। इससे मौद्रिक नीति समिति के पास गुंजाइश बढ़ेगी। बहरहाल, वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ी हुई अनिश्चितता को भी ध्यान में रखना होगा। रिजर्व बैंक को उम्मीद है कि मुद्रास्फीति की दर चालू वित्त वर्ष में औसतन चार फीसदी रहेगी।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

पृष्ठ 1 का शेष

# 'सेवा के लिये युवा मेडिकोज हो रहे प्रोत्साहित'

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि वंचित लोगों के लिये संवेदना और संकल्प के साथ उसको साकार करने का वाले ही 'मानव सेवा-माधव सेवा' के मंत्र को जीवंत कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि सामाजिक संस्थानों और सरकार एवं शासन के संयुक्त प्रयास के कारण ही इस सेवा के लाभार्थियों की संख्या हर वर्ष बढ़ती गयी। चिकित्सा के क्षेत्र में लोगों के दुख-दर्द को दूर करने वाले ऐसे डॉक्टर्स को नमन है। नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन (एनएमओ) अपने कार्यों से डॉक्टर्स और चिकित्सा के विद्यार्थियों को जनसेवी बना रहा है। माननीय सरकार्यवाह जी ने महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में बने डॉ हेडगेवार अस्पताल का वर्णन करते हुये कहा कि वहां सेवा देने वाले डॉक्टर बाहर की दुनिया में अपनी योग्यता के अनुरूप ज्यादा रुपया कमा सकते हैं लेकिन वे जनसेवा करने के लिये बहुत ही कम वेतन में उस अस्पताल में पीड़ितों का उपचार कर रहे हैं। यही नहीं वे युवा मेडिकोज को सेवा कार्य के लिये प्रोत्साहित करने का कार्य भी कर रहे हैं।

### 'नेत्र कुंभ से की हजारों की सेवा'

उन्होंने सेवा की भावना का वर्णन करते हुये कहा कि सेवा की भावना में कोई दीवार नहीं होती। कोई भेद नहीं होता। कोरोना के समय में दूर-दूर से गरीब-मजदूर पैदल ही चले आ रहे थे। वे परेशान होने पर भी अपना शिष्ट एवं मर्यादित व्यवहार नहीं भूले। समाज ने भी उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुये जगह-जगह उन सबकी सेवा की। उन्हें भोजन और आश्रय दिया। यही कारण है कि उस समय जहां कई देशों में भोजन के लिये दंगे हुये लेकिन भारत अछूता रहा। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के महाकुंभ में भी सेवा की दृष्टि से नेत्र कुंभ का लगाकर हजारों लोगों की आंखों की जांच की गई थी। उन्हें दवा और चश्मा दिया गया था। ऐसे विचार तभी आते हैं जब समाज के प्रति अपनापन का भाव जागृत होता है। उन्होंने अंत में कहा कि ऐसी ही सेवाभावना समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जागृत हो। बस यही कामना है।

### भारत की ऋषि परंपरा से जुड़ी यात्राएं : सीएम योगी

वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनजातियों को 2017 से पहले मतदान के अधिकार नहीं थे। राशन कार्ड और कनेक्टिविटी की सुविधा नहीं थी। भाजपा की सरकार आने के बाद से थारू,



मुसहर, कोल, गोंड, समेत सभी जनजातियों को हर सुविधा उपलब्ध कराई गई। यही नहीं, इससे पहले कुछ मिशनरी और वामपंथी जनजातीय समाज का ब्रेनवॉश भी किया करते थे। उन्होंने कहा कि वनटांगिया के 55 गावों में कोई अधिकार नहीं थे। यह स्थिति देश की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रही थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में यात्राओं की एक लंबी श्रृंखला रही है। आदि शंकराचार्य ने भी शंकर दिग्विजय यात्रा के माध्यम से भारत को सांस्कृतिक रूप से जोड़ा था। ऐसी धार्मिक यात्राएं केवल आस्था नहीं, बल्कि समाज को एकसूत्र में बांधने का माध्यम होती हैं। उन्होंने कहा, उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक भारत आदिकाल से एक सांस्कृतिक इकाई रहा है और धार्मिक यात्राओं पर कोई प्रतिबंध नहीं लगा सका। भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में भी ऐसी ही एकता को पुनः स्थापित करने का कार्य पांच साल पहले प्रारंभ हुआ।

### 2017 से पहले अधिकार विहीन थे जनजातीय समुदाय

सीएम योगी ने कहा, आपको आश्चर्य होगा कि 1947 में देश को आजादी मिली, लेकिन 2017 से पहले तक इन गांवों के लोगों को न वोटिंग का अधिकार था, न राशन कार्ड। न बिजली, न सड़क और न स्वास्थ्य की कोई सुविधा। वन विभाग और पुलिसकर्मी इनका शोषण करते थे। उन्होंने आगे बताया कि जब 2017 में बीजेपी की सरकार आई, तब जाकर इन गांवों को राजस्व ग्राम की मान्यता मिली और धीरे-धीरे सभी योजनाएं लागू की गईं। सीएम योगी ने ऐतिहासिक तथ्य साझा करते हुए बताया कि थारू जनजाति के लोग अंग्रेजों द्वारा तराई के जंगलों में बसाए गए। उन्हें कहा गया था कि जंगल में रहो, कोई वेतन नहीं मिलेगा। वे झोपड़ियों में रहे, शोषण सहा। जब आजादी मिली तब भी सरकारों ने आंखें मूंदी रखीं। सीएम ने बताया कि इन लोगों ने मतदान करना शुरू किया। 2022 और 2024 के चुनाव में भी हजारों लोग पहली बार वोटर बने। अब हर गांव में सड़क है, हर घर में बिजली है, सभी को मकान मिले हैं। आंगनबाड़ी केंद्र खुले हैं, स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र बन रहे हैं। राशन, आयुष्मान योजना, पेंशन समेत हर सुविधा इन तक पहुंच चुकी है। समारोह के अंत में सीएम योगी ने यात्रा से जुड़े सभी स्वयंसेवकों, पदाधिकारियों और सेवा न्यास को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह यात्रा केवल स्वास्थ्य सेवा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और सामाजिक एकात्मता की यात्रा है। यह हमें जगतगुरु आदि शंकराचार्य की याद दिलाती है। जब यात्राओं के माध्यम से जनजागरण का कार्य हुआ करता था। आज यह कार्य भारत-नेपाल सीमा पर हो रहा है। यह यात्रा चलती रहनी चाहिए और सबका अभिनंदन होना चाहिए।

### सेवा न्यास और महंत अवैद्यनाथ जी को बताया प्रेरणा स्रोत

सीएम योगी ने कहा, हमें आभार प्रकट करना चाहिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का, नानाजी देशमुख जी और अपने पूज्य गुरुदेव महंत अवैद्यनाथ का। उन्होंने बच्चों के लिए छात्रावास और स्कूल की व्यवस्था कराई। उन्होंने कहा, वर्ष 2007 में नेपाल में माओवादी और मधेशियों के बीच भीषण संघर्ष हुआ तो मैंने व्यक्तिगत जानकारी ली, तब समझ में आया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में संघ और उससे जुड़ी संस्थाएं कैसे काम कर रही हैं। आज गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा न्यास भारत और नेपाल की सीमा पर बसे हुये लोगों के बीच दोनों देशवासियों में सेवाकार्य के माध्यम से मैत्री एवं पारस्परिक सहयोग का भाव जगा रहा है। इससे सीमावर्ती क्षेत्रों में रह रही बड़ी आबादी भी भारतीयता का बोध कर रही है।

### कार्यक्रम में रहे उपस्थित

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन जी, प्रांत सरसंघचालक सरदार स्वर्णसिंह जी, क्षेत्र प्रचारक अनिल जी, प्रांत प्रचारक कौशल जी, क्षेत्र धर्म जागरण प्रमुख अभय जी, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख राजेंद्र जी, प्रचारक अशोक केडिया जी, वीरेंद्र सिंह जी, गंगा सिंह जी, डॉ उमेश जी, प्रशांत भाटिया, एनएमओ के अध्यक्ष डॉ एमएलबी भट्ट जी, मंत्री असीम अरुण, सतीश शर्मा, दिनेश सिंह एवं दयाशंकर सिंह सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में भारत शिक्षा एक्सपो 2025 के भव्य द्वितीय संस्करण की तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार

## अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे ने प्रेस वार्ता करते हुए भारत शिक्षा एक्सपो 2025 के द्वितीय संस्करण की दी विस्तृत जानकारी

गौतम बुद्ध नगर 21 अप्रैल 2025:अपनी पहली अभूतपूर्व सफलता के बाद, भारत शिक्षा एक्सपो 2025 एक बार फिर से लौट रहा है। इसका दूसरा संस्करण 24 से 26 अप्रैल 2025 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड माई, नॉलेज पार्क, ग्रेटर नोएडा, एनसीआर-दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन इंडिया एक्सपोजीशन मार्ट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है, जिसे उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण का समर्थन प्राप्त है।

2024 में, यह एक्सपो क्षेत्र का पहला समर्पित शिक्षा मंच बनकर उभरा, जिसने शैक्षणिक अकृष्टता, संस्थागत नवाचार और उद्योग एवं शिक्षाजगत के बीच भविष्य-केंद्रित सहयोग को एक मंच पर लाने का ऐतिहासिक कार्य किया। माननीय उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेंद्र उपाध्याय ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा था, "ग्रेटर नोएडा तेजी से आधुनिक नालंदा और तक्षशिला के रूप में उभर रहा है-वैश्विक शिक्षा और ज्ञान के आदान-प्रदान का नया केंद्र।"

अपने पहले संस्करण में ही इस एक्सपो ने 1 लाख से अधिक विजिटर्स को आकर्षित किया, जिनमें देश-विदेश से आए शैक्षणिकगण, युवा और शिक्षा क्षेत्र के हितधारक शामिल थे। 50 से अधिक प्रदर्शकों ने इसमें भाग लिया, जिनमें प्रमुख शैक्षणिक संस्थान, एजु-प्रोडक्ट्स एवं सेवाएं देने वाली कंपनियां शामिल थीं।

2025 में भारत शिक्षा एक्सपो




और भी भव्य रूप में लौट रहा है, जिसमें 100 प्रदर्शक आग लेंगे जो शिक्षा क्षेत्र के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व करेंगे। ये प्रदर्शक नवीनतम तकनीकों, उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करेंगे। 7,000 वर्ग मीटर में फैले इस एक्सपो में विश्वविद्यालय, कॉलेज और संस्थान अपनी विश्वस्तरीय सुविधाएं, गुणवत्ता पूर्ण शैक्षणिक प्रणालियों और तकनीक प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही, स्टडी अब्रॉड कंसल्टेंट्स, कोचिंग संस्थान, एजु-सेवा प्रदाता, एजुकेशन लोन और स्कॉलरशिप से संबंधित सेवाएं भी प्रदर्शित की जाएंगी।

इस एक्सपो में अनेक रोमांचक प्रतियोगिताएं और जानवर्धक गतिविधियाँ भी आयोजित होगी जैसे कि **Creathon (Ideathon,Hackthon, Startthon, Code thon), Robo Race, Robo Soccer, Drone Show, IT** डेमॉस्ट्रेशन और प्रकृति व रोबोटिक्स पर आधारित इंटरएक्टिव वर्कशॉप्स, स्कूल और कॉलेज छात्रों के लिए विशेष सिंगिंग प्रतियोगिता, साइंस, बिजनेस और टेक्नोलॉजी पर आधारित रोचक क्विज प्रतियोगिताएं, करियर और हायर एजुकेशन के लिए की काउंसलिंग जोन आदि।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौतम बुद्ध नगर मंगलेश दुबे द्वारा इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में भारत शिक्षा एक्सपो 2025 के भव्य द्वितीय संस्करण की तैयारियां को लेकर आज प्रेस वार्ता करते हुए गौतमबुद्धनगर को एनसीआर के एक प्रमुख नॉलेज हब के रूप में स्थापित करने के प्रयासों की सराहना की और क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीकों के साथ प्रदान की जा रही गुणवतापूर्ण शिक्षा को उजागर करने की दिशा में इंडिया एक्सपोजीशन मार्ट लिमिटेड द्वारा इस पहल को महत्वपूर्ण बताया।

चेयरमैन, इंडिया एक्सपोजीशन मार्ट लिमिटेड डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि भारत शिक्षा एक्सपो अब शिक्षा क्षेत्र के देश-विदेश के हितधारकों के लिए एक प्रतिष्ठित आयोजन बन गया है। यह सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थानों, शिक्षाविदों, नवोन्मेषकों सेवा प्रदाताओं उत्पाद निमार्ताओं और छात्रों को एक साथ जोड़ने वाला एक अंतरराष्ट्रीय मंच बनने की पूरी क्षमता रखता है।" भारत शिक्षा एक्सपो 2025 नई पीढ़ी की शिक्षा, भविष्य के लिए तैयार नवाचारी और रणनीतिक साझेदारियों का प्रवेश द्वार है। चाहे आप एक संस्थान हों, एडटेक स्टार्टअप, छात्र या नीति-निमार्ता-यह मंच आपके लिए है। इस क्रांतिकारी शैक्षणिक पहल का हिस्सा बनें और भारत के भविष्य को आकार दें। सौजन्य से सूचना

# इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराने पर छात्रा सांची भाटिया को जिलाधिकारी द्वारा किया गया सम्मानित

दैनिक समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर 21 अप्रैल, 2025 : जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा द्वारा आज अपने कार्यालय कक्ष में नोएडा स्थित मिलेनियम स्कूल, सेक्टर-119 की होनहार छात्रा सांची भाटिया को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सांची को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में यह उपलब्धि अत्यंत प्रेरणादायक है। सांची भाटिया



ने महज 5 वर्ष और 4 माह की उम्र में अंग्रेजी वर्णमाला को उल्टे क्रम ( से अ) में मात्र 4 सेकंड में सुनाकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। इस उपलब्धि को 27 फरवरी, 2025 को आधिकारिक मान्यता प्राप्त हुई तथा उन्हें 8 अप्रैल, 2025 को 'क्ष्फ अचीवर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रिकॉर्ड दर्ज करते समय सांची केजी कक्षा की छात्रा थीं, जो अब कक्षा 1 में पदोन्नत हो चुकी हैं। अपने विद्यालय में वे अपने उत्साही व्यक्तित्व, सहयोगी व्यवहार और नवीन मित्रता की प्रवृत्ति के लिए जानी जाती हैं। उनका मिलनसार स्वभाव उन्हें सभी में प्रिय बनाता है। सांची नोएडा के सेक्टर-120 स्थित आम्रपाली जोडिएक सोसायटी में अपने परिवार के साथ निवास करती हैं। उनके पिता एक अकाउंट्स प्रोफेशनल हैं और माता बेसिक शिक्षा विभाग में प्राथमिक शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं। माता-पिता के निरंतर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन ने सांची के आत्मविश्वास और प्रतिभा को दिशा दी है। विद्यालय और जनपदवासी इस उपलब्धि पर गौरवान्वित हैं। यह सफलता न केवल सांची की मेहनत और स्मरणशक्ति को दशार्ती है, बल्कि अन्य बालकों के लिए भी एक प्रेरणा स्त्रोत है। निश्चित रूप से सांची भविष्य में और भी कीर्तिमान स्थापित करेंगी। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# आपदा मित्र प्रशिक्षण हेतु स्वयंसेवकों के चयन की प्रक्रिया आरंभ

गौतम बुद्ध नगर 21 अप्रैल 2025 : शासन के निदेशों के क्रम में जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 25 अप्रैल, 2025 से प्रारंभ होने वाले 12 दिवसीय आवासीय आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु जनपद गौतमबुद्ध नगर की सभी तहसीलों द्वारा पात्र स्वयंसेवकों के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। यह प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश राज्य आपदा मोचन बल, लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा।

आपदा मित्र प्रशिक्षण का उद्देश्य आपदा प्रबंधन में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। चयनित स्वयंसेवकों को आपातकालीन परिस्थितियों में राहत और बचाव कार्यों हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा।

स्वयंसेवकों के चयन हेतु निर्धारित मानक इस प्रकार हैंः स्वयंसेवकों की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए (पूर्व सैनिक/चिकित्सकीय अधिकारी/इंजीनियर आदि), कम से कम 7वीं कक्षा उत्तीर्ण हो एवं संबंधित जिले के निवासी हो। शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक रूप से स्वस्थ हो (मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र आवश्यक)। NYKS, NCC, NSS, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स से कम से कम 20% भागीदारी हो। महिला स्वयंसेवकों को प्रोत्साहन, तैराकों व पूर्व अनुभवधारी व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

जनपद स्तर पर प्रशिक्षण हेतु कुल 100 स्वयंसेवकों का चयन किया जाएगा, जिसमें तहसीलवार संख्या इस प्रकार हैः तहसील दादरीः 40, तहसील सदरः 30, तहसील जेवरः 30 एवं प्रत्येक तहसील के उप जिलाधिकारी चयन प्रक्रिया के नोडल अधिकारी होंगे।

उन्होंने बताया कि चयनित स्वयंसेवकों का विवरण दिनांक 22 अप्रैल, 2025 को अपराह्न 2:00 बजे तक जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाएगा।

प्रशिक्षण हेतु सभी पात्र स्वयंसेवक 24 अप्रैल, 2025 को प्रातः 10:00 बजे तक कलेक्ट्रेट परिसर, गौतमबुद्ध नगर में एकत्र हों, जहाँ से उन्हें लखनऊ भेजा जाएगा एवं ठहरने, भोजन, प्रशिक्षण सामग्री, आवागमन आदि की सभी व्यवस्थाएं राज्य आपदा मोचन बल, लखनऊ द्वारा की जाएंगी। प्रत्येक स्वयंसेवक को एक इमरजेंसी रिस्पॉन्डर किट एवं बीमा पॉलिसी प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि आपदा मित्र प्रशिक्षण से संबंधित किसी भी जानकारी एवं आवेदन हेतु जिला अधिकारी कार्यालय में स्थापित जिला आपदा प्राधिकरण गौतमबुद्ध नगर कार्यालय नंबर 203 में भी संपर्क कर सकते हैं एवं दूरभाष नंबर 1202978231 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सौजन्य से सूचना विभाग

# अर्पित सेवा संस्थान द्वारा लोक विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया

## विमर्श में सभी प्रतिभागियों ने गहनता से चर्चा कर अपने विचार व्यक्त किए

दैनिक समाज जागरण

जनपद श्रावस्ती के विकास खण्ड - इकौना अन्तर्गत ग्राम पंचायत इकौना देहात में उत्तर प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम पर किये जा रहें शोध कार्य में लोकमत प्राप्त करने हेतु ग्राम पंचायत लोक विमर्श अर्पित सेवा संस्थान श्रावस्ती द्वारा पंचायत भवन - इकौना देहात पर आयोजित किया गया। यह शोध कार्य इंडिया पंचायत फाउंडेशन एवं पंच परमेश्वर विद्यापीठ द्वारा किया जा रहा है। विमर्श में सभी प्रतिभागियों ने गहनता से चर्चा कर अपने विचार व्यक्त किए।

पंचायत व्यवस्था से सम्बन्धित इस शोध कार्य हेतु उत्तर प्रदेश के अधिनियम के गहन विश्लेषणात्मक अध्ययन के साथ साथ देश के अन्य प्रमुख 9 राज्यों ( बिहार, उत्तराखंड, केरल, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तथा जम्मू-कश्मीर) के अधिनियम के प्रावधानों का भी तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। शोध कार्य को और अधिक व्यापक तथा प्रमाणिक बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों सामाजिक संगठनों तथा समाज के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ स्थानीय स्तर पर लोक विमर्श का आयोजन किया जा गया।

विमर्श में उपस्थित संस्था के सचिव अवधेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस विमर्श के माध्यम से हमारा उद्देश्य ग्राम पंचायत सदस्यों को ग्राम सभा के सम्मानित नागरिकों को, प्रतिनिधियों को विभिन्न राज्यों में ग्राम पंचायत के कार्य एवं व्यवहार से सम्बन्धित प्रावधानों और नीतिगत सिफारिशों के बारे में जानकारी प्रदान करना एवं ग्राम पंचायत से सम्बन्धित विषयों पर सामूहिक चर्चा के द्वारा लोकमत तैयार करना है।

इस अवसर पर कन्हैया लाल कश्यप, प्रेम कुमार, उदयराज, चन्द्रशेखर शुक्ल, श्रवण कुमार, लक्ष्मी,संतोष कुमार मिश्रा, गुरु प्रसाद, उदयराज , ग्राम पंचायत अधिकारी अशीष कुमार मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता साकेत कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जनपद में आगामी 10-05-2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

गौतम बुद्ध नगर 21 अप्रैल, 2025 : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राप्त निदेशों के अनुपालन में अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय ने बताया कि दिनांक 10/05/2025 को जनपद गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेषतः आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबधित मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धित मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि हेतु इच्छुक हो वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जायेगे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# तिनसुकिया जिला आयुक्त स्वप्निल पाल को लोक प्रशासन में प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदान किया

दैनिक समाज जागरण
गोरखनाथ गुप्ता।

असम के तिनसुकिया जिले को"जिले के समग्र विकास"श्रेणी में 2024 के लिए लोक प्रशासन में उत्कृष्टता हेतु प्रधानमंत्री पुरस्कार प्राप्त हुआ।यह देश में सिविल सेवा का सर्वोच्च पुरस्कार है।तिनसुकिया जिला आयुक्त स्वप्निल पॉल को आज यानी 21 अप्रैल को विज्ञान भवन,नई दिल्ली में भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया गया।यह प्रतिष्ठित पुरस्कार पाने वाले वह तिनसुकिया जिले के पहले डीसी और राज्य के चौथे अधिकारी हैं।इस खबर के मिलते ही तिनसुकिया जिले में खुसी की लहर दौर गई।यह तिनसुकिया वासियों के लिये बड़ी खुसी के साथ साथ एक गर्व का क्षण भी है।

मालूम हो कि पिछले साल आज ही के दिन,तिनसुकिया जिला आयुक्त स्वप्निल पाल को गुवाहाटी में लोक प्रशासन में उत्कृष्ट सेवा के लिए मुख्यमंत्री का कर्म श्री पुरस्कार मिला था।ठीक एक वर्ष बाद आज जिले के समग्र विकास हेतु ग्रहण की गई उनकी भूमिका के लिए उन्हें नई दिल्ली में प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार जिले को पिछले दो वर्षों में जिले के समग्र विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। जिले के मुखिया होने के नाते भारतीय प्रशासनिक सेवा के कुशल अधिकारी को स्वाभाविक रूप से



उन्हें यह उपलब्धि प्राप्त हुई।उनके कार्यकाल के दौरान पिछले दो वर्षों में जिले में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के विशेष शिविर आयोजित कर 6 लाख लाभार्थियों का ई-सत्यापन पूरा किया गया।वही 60,000 से अधिक शिशु का टीकाकरण किया गया,आशा कर्मियों को डिजिटल प्रेशर मापक उपकरण प्रदान किया गया,300 आदर्श आंगनवाड़ी केंद्रों मे ज्योति विज्ञान शाखाएं स्थापित गई,जल जीवन अभियान के तहत 1.35 लाख घरों में पाइप से पानी की आपूर्ति की,प्रधानमंत्री आवास योजना को सफलतापूर्वक लागू किया,स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडरों को नियमित किया,पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत चाय बागानों में मॉडल स्कूलों की स्थापना,नामभर्ती, प्रशिक्षण आदि जैसी विभिन्न केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं की सफलता ने भी राष्ट्रीय स्तर पर महत्व प्राप्त किया है।उल्लेखनीय है कि तिनसुकिया जिले को पहली बार देश का यह सर्वोच्च प्रशासनिक सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज भारतीय सिविल सेवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में जिला आयुक्त को यह पुरस्कार प्रदान किया। इस पुरस्कार के साथ जिले के विकास के लिए केन्द्र सरकार से विशेष धनराशि भी मिलेगा।

मालूम हो कि जिले में कचरे के निपटान के लिए उनके अभिनव सफल पहल हेतु विगत मार्च में इंडियन एक्सप्रेस अखबार द्वारा उन्हें सुशासन के लिए देश के सर्वश्रेष्ठ जिला मजिस्ट्रेट के रूप में सम्मानित किया गया था।जिला आयुक्त स्वप्निल पाल की सफलता से तिनसुकिया जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। जिला आयुक्त ने इस सफलता का श्रेय अपने साथी अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रदान किया। उन्होंने कहा कि जिले के शांतिपूर्ण माहौल और लोगों के पूर्ण सहयोग ने लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# बेरोजगार युवक/युवतियों हेतु स्वरोजगारपरक दो साप्ताहिक उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन हुआ

जनपद श्रावस्ती आयोजक -उद्यमिता विकास संस्थान उत्तर प्रदेश लखनऊ (सूक्ष्म लघु तथा मध्यम उधम एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग उत्तर प्रदेश शासन) प्रायोजक -उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उत्तर प्रदेश कानपुर, सक्रिय सहयोग उपयुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र श्रावस्ती से श्री विनोद कुमार चौधरी, कार्यक्रम संयोजक उद्यमिता विकास संस्थान



उत्तर प्रदेश लखनऊ से श्री विनोद शुक्ला, कार्यक्रम संचालक ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान से श्री प्रेम बाबू गिरी के द्वारा स्वरोजगार परक 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 45 लड़के/लड़कियों को प्रमाण पत्र वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया, कार्यक्रम में प्रतिभाग लेने वाले प्रतिभागियों का नाम इस प्रकार है, आशुतोष गिरी, पेशकार यादव, सावित्री सिंह, पाटेश्वरी प्रसाद यादव, ओंकार नाथ, आदर्श शुक्ला, उमा देवी, आस्था पाठक, संगीता रानी आदि लोग उपस्थित रहे

# टीएमयू नर्सिंग के कृष्णपाल मिस्टर, तो आयुषी चुनी गई मिस फेयरवेल

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग की पोस्ट बेसिक बीएसएसी नर्सिंग की फेयरवेल पार्टी- कलरव में बिखेरा हुनर का जादू

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग की पोस्ट बेसिक बीएसएसी नर्सिंग की फेयरवेल पार्टी- कलरव में कृष्णपाल सिंह को मिस्टर फेयरवेल और कुमारी आयुषी को मिस फेयरवेल चुना गया। इससे पूर्व नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्रिंसिपल डॉ. एम. जेसलीन, वाइस प्रिंसिपल प्रो. रामनिवास आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके फेयरवेल पार्टी- कलरव का शुभारम्भ किया। रैंप वॉक, इंट्रोडक्शन और प्रश्नोत्तरी के जरिए मिस और मिस्टर फेयरवेल का चयन हुआ। निर्णायक मंडल में प्रो. अनुषी सिंह और श्री वेदमूर्ती शामिल रहे। फेयरवेल पार्टी- कलरव में स्टुडेंट्स ने नत्य,




गायन, कविता, शायरी और गजल के जरिए अपने हुनर को दिखाया। फेयरवेल पार्टी में सेकेंड ईयर के स्टुडेंट्स को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

स्टुडेंट यशी ने सरस्वती वंदना पर नृत्य की प्रस्तुति देकर सांस्कृतिक प्रोग्राम्स का शंखनाद किया। पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग फर्स्ट ईयर की छात्रा ज्योति ने बॉलीवुड मैसअप सांग्स पर नृत्य की प्रस्तुति दी, तो छात्र रविन्द्र सिंह ने मेरी भीगी-भीगी सी पलकों पर रह गए... गीत गाकर खूब वाहवाही लूटी। पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग सेकेंड ईयर की स्टुडेंट्स-दीपांशी एंड ग्रुप ने बड़ी मुश्किल बाबा बड़ी मुश्किल और कंगना-कंगना गीत पर नृत्य किया। सेकेंड ईयर के स्टुडेंट्स जयपाल यादव ने अपनी कविता से खूब तालियां



बटोरीं। पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग फर्स्ट ईयर की छात्रा अनामिका भारद्वाज ने शायरी तो सेकेंड ईयर के स्टुडेंट्स- रितिक एंड दिपांशी ने ड्यूट डांस से सभी को झूमने पर मजबूर किया। फेयरवेल पार्टी- कलरव में एचओडीज- प्रो. विजीमोल, डॉ. रामकुमार गर्ग, प्रो. जितेन्द्र सिंह, डॉ. सुमन वशिष्ठ के संग-संग कार्यक्रम को-ऑर्डिनेटर मिस विभा कुमारी, मिस अंशिका सक्सेना और पोस्ट बेसिक बीएसएसी नर्सिंग के 170 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन स्टुडेंट्स- ओझा प्रिया, प्राची शर्मा, दीपांशु कुमार, महिमा ने किया।

# दिल्ली परिवहन विभाग बिना रंग-कोडित ईंधन स्टिकर वाले वाहनों पर जुमार्ना लगाएगा

दिल्ली परिवहन विभाग उन वाहनों पर कार्रवाई करने जा रहा है, जिन पर उनके ईंधन के प्रकार को दशार्ने वाले रंग-कोडित स्टिकर नहीं लगे हैं, अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक सार्वजनिक नोटिस के अनुसार, ऐसा न करने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुमार्ना लगाया जाएगा। स्टिकर उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट (ल्रफ्ढ) जनादेश का हिस्सा हैं, जिसे 2012-13 में पेश किया गया था और 2019 तक सभी वाहनों के लिए अनिवार्य कर दिया गया था। वाहन के विंडशील्ड पर रंग-कोडित स्टिकर/तीसरा पंजीकरण चिह्न प्रदर्शित करने के लिए मोटर वाहन (उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट) आदेश, 2018। उपरोक्त आदेश का पालन न करने पर मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 192(1) के प्रावधान भी लागू होंगे, विभाग द्वारा रविवार को जारी सार्वजनिक नोटिस में कहा गया।

# चोरी की बाइक समेत शातिर चोर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



नजीबाबाद (बिजनौर) ।थाना नजीबाबाद पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को चोरी की गई बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की तत्परता और सूझबूझ से मामले का खुलासा महज कुछ दिनों में हो गया ग्राम जालबपुर गुदड़ उर्फ खिदरीपुरा निवासी कृष्ण कुमार पुत्र स्व. वेदप्रकाश ने 15 अप्रैल को थाना नजीबाबाद में तहरीर दी थी कि उनकी मोटरसाइकिल संख्या UP20 AR1428 उनके घर के पास से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है। पुलिस ने मामले में मु.अ.सं. 128/ 2025 अंतर्गत धारा 303(2) बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम खिदरीपुरा निवासी मोनू पुत्र चन्द्रपाल को चोरी की गई बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की भी बढ़ोतरी की गई है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में व0उ0नि0 ईलम सिंह, उ0नि0 मोहम्मद कय्यूम अली, हेड कांस्टेबल हरिओम एवं कांस्टेबल प्रवीण शामिल रहे पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। लोगों ने उम्मीद जताई है कि ऐसी तत्परता आगे भी बरकरार रहेगी जिससे अपराधियों में भय बना रहे।

# महाबोधि महाविहार का पूर्ण प्रबंधन बौद्धों को दिया जाए - भंते बी.पी. विनय

### महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन रथ यात्रा का नगर में स्वागत

**आई एम खान/ दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**



बिसौली बदायूं। भंते बी. पी. विनय के मार्गदर्शन में चलाई जा रही महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन मुक्ति रथ यात्रा सोमवार को बिसौली नगर में पहुंची। जहां नगर के लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। भंते डा. बी.पी. विजय ने बताया कि यह रथ यात्रा नोएडा से ज्ञान स्थली बौद्ध गया बिहार तक चलाई जाएगी। इस यात्रा के माध्यम से बीटी एक्ट 1949 को रद्द करवा करवाकर बौद्ध गया के महाबोधि महाविहार का प्रबंध बौद्ध समुदाय को सौंपना है। उन्होंने बताया कि महाबोधि महाविहार बौद्ध गया, बिहार विश्व धरोहर स्थल में शामिल है और दुनिया भर के बौद्धों की आस्था का बड़ा केंद्र है। वर्तमान में वहां लागू बीटी एक्ट 1949 जिसमें चार एवं पांच गैर बौद्ध धर्म के लोग हैं जो संविधान की प्रस्तावना व अनुच्छेद 25 व 26 का उल्लंघन करता है। इस एक्ट को रद्द करके महाबोधि महाविहार का प्रबंधन पूर्ण रूप से बौद्धों को दिया जाए। श्री विजय ने बताया कि विरासत बचेगी तो हम बचेंगे, इसलिए 14 अप्रैल से यात्रा का प्रारंभ किया गया। 11 मई को बोधगया पहुंचकर 12 मई को यात्रा का समापन होगा। इस अवसर पर भंते बुद्ध प्रताप विजय, भंते अनुकृति, भंते महाबोधि, भंते करुणा सागर, भंते महेंद्र बुद्ध मणि, भंते बुद्धि मित्रा, भंते बुद्ध शरण, भंते रामा सराय, तेजेन्द्र सिंह यादव, ज्ञान सिंह पाल, रामबाबू मौर्य, सर्वेश कुमार, ओमकार मानव, राकेश प्रजापति, सौराज कुमार, एड. राकेश कुमर, श्रवण लाल, प्रेमपाल राधेश्याम मौर्य, चिरंजीलाल आदि मौजूद रहे।

# विद्या प्राप्त करके ही हम राष्ट्र का उत्थान कर सकते हैं - राजेंद्र प्रसाद

### सुजानपुर स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

**आई एम खान/ दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**



बिसौली बदायूं। विकास क्षेत्र बिसौली के संविलियन विद्यालय सुजानपुर में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया।मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने ज्ञानदायिनी देवी सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम कक्षा 7 की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने गत सत्र में प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए। प्रतिदिन विद्यालय आने वाले छात्र छात्राओं को सर्वाधिक उपस्थिति पुरस्कार तथा यूनिफॉर्म में स्वच्छता के साथ आने वाले बच्चों को स्वच्छता पुरस्कार प्रदान किया गया। श्री प्रसाद ने छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्या सबसे बड़ा धन है। विद्या प्राप्त करके ही हम राष्ट्र का उत्थान कर सकते हैं। उन्होंने कक्षा आठ उत्तीर्ण छात्र छात्राओं से कक्षा 9 में शीघ्र प्रवेश लेने के लिए कहा। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार, नीलम सक्सेना, साहू सावेंद्र गुप्ता, सुरजेश शर्मा, मोहित कुमार, सोमवीर सिंह, तेजेन्द्र पाल, छत्रपाल, सूर्यभान सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन साहू सावेंद्र गुप्ता ने किया।

# रामगढ़ भाजपा कार्यालय में जीवंत हुआ अखाड़ा संस्कृति, सरहुल मिलन समारोह में 20 से अधिक गांवों के लोगों का हुआ महाजुटान

### बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए सांसद मनीष जायसवाल, सरहुल नृत्य पर जमकर थिरके, मांदर पर भी लगाया खूब थाप

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



रामगढ़ जिला भाजपा कार्यालय, हथमारा, पोचरा परिसर में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि शंकर करमाली की अध्यक्षता में आयोजित सरहुल मिलन समारोह-2025 में जिले भर के 20 से अधिक गांवों के आदिवासी समाज के सैकड़ों लोग जुटे और यहां झारखंड की पारंपरिक अखाड़ा संस्कृति को जीवंत किया। मौके पर विशेषरूप से मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए और स्थानीय लोगों संग सरहुल नृत्य पर खूब थिरके और जमकर मांदर पर थाप भी लगाया। आयोजन समिति ने सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य अतिथि रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी, जिला महामंत्री विजय जायसवाल, राजू चतुर्वेदी, रामगढ़ जिला भाजपा सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, नगर निगम क्षेत्र के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी, जिला मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि अनमोल सिंह, पंकज शाह, मांडू भाजपा जिला अध्यक्ष तोकेश सिंह, जिला मंत्री लक्ष्मी देवी, रमेश वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोगों का सरना रीति-रिवाज से पारंपरिक बाध्य यंत्र ढोल, नगाड़ा और मांदर की थाप पर थिरकते हुए गर्मजोशी से स्वागत किया। तत्पश्चात सरहुल के अखाड़ा पर आदिवासी समाज के लोगों का उत्साह और उमंग देख सांसद मनीष जायसवाल खुद को रोक नहीं सके और उनके बीच पहुंचकर सरहुल नृत्य पर खूब थिरके और जमकर मांदर पर हाथ भी आजमाया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी झारखंड के मूलवासी है और आपकी सभ्यता और संस्कृति का समस्त विश्व कायल रहा है और इसे बरकरार रखने की जरूरत है। सरहुल जल, जंगल और जमीन जो मानव जीवन का आधार है उसे बचाने को हमें प्रेरित करता है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि आदिवासी को संपूर्ण दुनिया सागदी और सीधापन के लिए जनता है लेकिन आपके शराफत का कुछ लोग फायदा उठा रहें हैं और अपने राजनीतिक लाभ के लिए आपको अल्पसंख्यक बनाने पर तुले हैं वैसे कुत्सित मानसिकता वाले लोगों के मंसूबे पर पानी फेरना होगा और अपने सरना, सनातन धर्म को जीवंत रखते हुए उसे अक्षुण्ण रखना होगा तभी आपकी संस्कृति बची रहेगी ।
उक्त अवसर पर विशेषरूप से आयोजन समिति के संरक्षक बासुदेव किस्कू, संजय किस्कू, रमेश करमाली सहित विजय भोक्ता, राधे करमाली, रोहित कुमार, रितेश कुमार, विनय मरांडी, मनीष करमाली, साजन करमाली, बाबला करमाली, शिव कुमार, सूरज करमाली, विनोद करमाली, तेजपाल करमाली, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

# 5 चोरी की बाइक समेत 8 चोर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**



कोतवाली शहर पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 5 चोरी की गई मोटरसाइकिलों के साथ 8 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में अल्तमश (निवासी लडापुरा), समीर (निवासी मोलवियान, झालू), निजाम (निवासी बक्शीवाला), पीयूष (निवासी नांगल जट), शाहिल उर्फ कव्वा (निवासी मोलवियान, झालू), कैलाश, प्रिंश (दोनों निवासी गंगोरा जट) और नीरज (निवासी नांगल जट) शामिल हैं। सभी अभियुक्त जनपद बिजनौर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के रहने वाले हैं। बरामद मोटरसाइकिलों की जानकारी इस प्रकार है UP20Z7303 वाहन स्वामी मौ. मुदस्सिर, निवासी सेवारामपुर, मण्डावली UP20BC 1625 नबी हसन, निवासी मानियावाला, चांदपुर UP 20AJ 1019: अमजद जावेद, निवासी नई बस्ती, कोतवाली शहर UP20 J5787 अंकित कुमार, निवासी किशनपुर रायपुर स्प्लेंडर प्लस बिना नंबर प्लेट मालिक कृष्णा, निवासी गौरा कुम्हैड़ा, असली नंबर UP20CL9139 दो मोटरसाइकिलों की पृष्ठभूमि की जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस की इस कार्रवाई से बाइक चोर गिरोह के खिलाफ कड़ा संदेश गया है।

# गौवध की बड़ी साजिश नाकाम मुठभेड़ में दो बदमाश घायल, चार गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**



नूरपुर। थाना नूरपुर पुलिस ने बीती रात बड़ी कार्रवाई करते हुए गौवध की साजिश रच रहे चार बदमाशों को धर दबोचा। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने नूरपुर-स्योहारा मार्ग पर चेकिंग के दौरान एक सिल्वर रंग की सैंट्रो कार को रोकने की कोशिश की, लेकिन कार सवार बदमाश गाड़ी से उतरकर खेतों की ओर भागने लगे। भागते समय दो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई। उन्हें घायल अवस्था में गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके से भाग रहे अन्य दो बदमाशों को भी पुलिस ने पीछा कर दबोच लिया। पुलिस ने घटनास्थल से एक सैंट्रो कार बरामद की, जिसमें पशुवध के उपकरण - लकड़ी का गुटका, दो छुरी, एक कुल्हाड़ी, एक चापड़, एक रस्सी और दो प्लास्टिक के कट्टे बरामद हुए। गिरफ्तार बदमाशों के पास से दो तमंचे, कारतूस और मांस ले जाने के उपकरण भी मिले। पकड़े गए बदमाशों की पहचान सद्दाम, इरशाद, जीशान (पुत्र अतीक) और जीशान (पुत्र दिलदार) के रूप में हुई है, जो बिजनौर जनपद के विभिन्न गांवों के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि वे जंगल में घूम रहे गौवंशीय पशुओं को पकड़कर रात में उनका वध करते हैं और मांस को कट्टों में भरकर सैंट्रो कार के जरिये अलग-अलग मीट विक्रेताओं को बेचते हैं। गिरफ्तार बदमाशों ने बताया कि वे हनीफ, नवाब, आसिफ और फैसल नामक मीट दुकानदारों को मांस बेचते हैं और आपस में पैसा बांट लेते हैं। करीब 8-10 दिन पहले भी इन्होंने दो गौवंशीय पशुओं को काटकर उनके अवशेष मोलावाला गांव के खेतों में फेंके थे और मांस इन ही लोगों को बेचा था। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ जारी है और मीट व्यापारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# दिव्यांगजनों ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### दिव्यागों को गैस और बिजली कनेक्शन निशुल्क दिया जाए

**आई एम खान/ दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**



बिसौली बदायूं। भारतीय दिव्यांग सेवा समिति के बैनर तले दिव्यांगजनों ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।
सोमवार को आधा दर्जन के करीब दिव्यांगजनों ने तहसील परिसर में विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। विधानसभा अध्यक्ष नन्हे यादव ने कहा कि दिव्यागजनों को जो पेंशन अन्य राज्यों में मिल रही है, उसको लागू कर1500 रुपए से बढ़ाकर पांच हजार रुपए किया जाए। बिजली कनेक्शन निशुल्क दिया जाए। और गैस कनेक्शन दिया जाए जिससे कि दिव्यांगजन अपना और अपने अधीन परिवार का भरण पोषण कर सके। उन्होंने रोडवेज बसों में परिचालकों द्वारा गलत व्यवहार करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि उनके साथ रोडवेज बसों में गलत व्यवहार न किया जाए। इस अवसर पर रनवीर, रमेश पाल, ध्यान सिंह, अनिल कुमार यादव, देवेंद्र सिंह, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# शहरी क्षेत्रों में परिवार नियोजन सेवाओं को और बेहतर बनाया जाए-डॉ तरुण पाठक

**दैनिक समाज जागरण**



चंदौसी। जनपद के शहरी क्षेत्र में परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए चंदौसी सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक की अध्यक्षता एवं पॉपुलेशन सर्विसेज इंडिया (पीएसआई इंडिया) के सहयोग से कार्यक्रम समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें शहरी क्षेत्र में परिवार नियोजन कार्यक्रम को बढ़ावा देने पर चर्चा की गयी। बैठक में परिवार नियोजन की सेवाओं को बेहतर बनाने की अपील की ब परिवार नियोजन की सेवाओं को और बेहतर बनाने की बात कही। उन्होंने स्थाई व अस्थाई साधनों को बढ़ावा देने के लिए काउंसलिंग के माध्यम से सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया उन्होंने समस्त प्रभारियों से कार्य को और बेहतर तरीके से करने की अपील की ब जनपद के शहरी क्षेत्र में परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत हुए विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ प्राइवेट अस्पतालों में भी परिवार नियोजन कार्यक्रम को सुदृढ़ किये जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं एचएमआईएस रिपोर्टिंग को वेलीडेट करके पोर्टल पर अपलोड करने की बात कही। जिला अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर ने परिवार नियोजन कार्यक्रम में आशा, एएनएम व स्टाफ नर्स की जिम्मेदारी निर्धारित किये जाने पर जोर दिया। समुदाय स्तर पर कैसे परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सकती। परिवार नियोजन की सामग्री का वितरण एफपीएलएमआईएस पोर्टल द्वारा इन्डेंटिंग के माध्यम से ही किया जाए, इस पर विशेष बल दिया गया। बैठक में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरविंदर सिंह ने क्वालिटी इम्प्रूवमेन्ट कमेटी और आशा व एएनएम की मासिक बैठक किये जान के निर्देश दिये। पीएसआई इंडिया के मैनेजर प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन डॉक्टर गीतिका ने जनपद के शहरी क्षेत्र में परिवार नियोजन को लेकर हुए कार्य के बारे में विस्तर से जानकारी दी। बैठक में सभी स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों ने अपने विचार रखे। बैठक में जिला अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर एनयूएचएम मुकेश शर्मा,पी.एस.आई इंडिया से फील्ड प्रोग्राम कॉऑर्डिनेटर विशाल सक्सेना मौजूद रहे।

# वीर बांकुड़ा बाबू कुंवर सिंह विजय उत्सव समारोह 23 अप्रैल को, सर्किट हाउस के समीप

### वीर कुंवर सिंह हमारे गौरवशाली अतीत की वह लौ हैं, जो आज भी हमारे आत्मबल को प्रज्वलित करती है - मुन्ना सिंह

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

पूर्वांचल की गौरवगाथा और भारत की स्वतंत्रता संग्राम की अमर विभूति वीर बांकुड़ा बाबू कुंवर सिंह की स्मृति में आयोजित वीर कुंवर सिंह विजय उत्सव समारोह की तैयारियाँ पूर्ण हो चुकी हैं। यह समारोह 23 अप्रैल को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसका आयोजन वीर कुंवर सिंह विचार मंच के तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9:00 बजे सर्किट हाउस के समीप वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगा। समारोह में जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों तथा युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इस कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए रविवार को सुरेश कॉलोनी में विचार मंच की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रो. प्रदीप कुमार सिंह ने की। बैठक में जनजागरूकता अभियानों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रो. सिंह ने कहा, वीर कुंवर सिंह संपूर्ण भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रेरणास्त्रोत हैं। उनकी वीरता, नेतृत्व और बलिदान आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। यह उत्सव हमारी ऐतिहासिक चेतना को जागृत करने का माध्यम बनेगा। वही बैठक में उपस्थित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने कहा , वीर कुंवर सिंह हमारे गौरवशाली अतीत की वह लौ हैं, जो आज भी हमारे आत्मबल को प्रज्वलित करती है। आज जब देश को एकजुटता, साहस और नेतृत्व की सबसे अधिक आवश्यकता है, तब ऐसे महानायक की स्मृति हमें यह सिखाती है कि सच्चे नेतृत्व में न जाति बाधा बनती है, न उम्र, न परिस्थितियाँ। मैं सभी नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं से आग्रह करता हूँ कि इस उत्सव में भाग लें और वीरता की इस विरासत को आत्मसात करें। विचार मंच ने नागरिकों से इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनने और वीर कुंवर सिंह के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया है।

# चलती स्कूटी पर झपटमारी, महिला घायल तीन लुटेरे गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

किरतपुर (बिजनौर) चलती स्कूटी पर सवार दंपती को निशाना बनाकर महिला से पर्स झपटने वाले तीन लुटेरों को किरतपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लूटा गया मोबाइल, ₹10,000 नकद और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद कर ली गई है चेतन सिंह निवासी ग्राम बढ़ापुर



सीकरी अपनी पत्नी काजल के साथ स्कूटी से नजीबाबाद जा रहे थे। ग्राम मोजीपुर धर्मा भट्टे के पास स्प्लेंडर बाइक सवार दो युवकों ने पीछे से आकर काजल का पर्स झपट लिया। इस दौरान स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई और महिला को चोट आई पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना में विशाल निवासी गुजरपुरा जसराम, निखिल निवासी बैबलपुर और सागर निवासी नांगल जट के नाम सामने आए। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि यह वारदात उन्होंने अपने फरार साथी अमन के साथ मिलकर की थी। अमन की तलाश जारी है। पुलिस की तत्परता से क्षेत्र में सराहना का माहौल है।

# जायंट्स ग्रुप महिला समृद्धि ने संविलियन विद्यालय में मनाया पृथ्वी दिवस

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। जायंट्स ग्रुप महिला समृद्धि के द्वारा संविलियन विद्यालय बिसौली में पृथ्वी दिवस पर भाषण एवं कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 29 बच्चों ने प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 8 की पूजा ने प्रथम, आफरीन ने द्वितीय और पुष्पा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला प्रतियोगिता



में कक्षा 7 के बबलू प्रथम, कक्षा 8 की अनुष्का द्वितीय एवं कक्षा 7 की कृष्णा तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप की सचिव आंचल वार्ष्णेय ने बच्चों को बताया कि पृथ्वी दिवस हमें पृथ्वी की रक्षा करने और देखभाल करने के लिए प्रेरित करता है। हमें वृक्ष लगाने चाहिए, और जल संचयन करना चाहिए। प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए। इस अवसर पर ग्रुप की अध्यक्षा अंजलि अग्रवाल, सचिव आंचल वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष रितु साहनी, रेनू अग्रवाल, रुचि वार्ष्णेय, प्रीति वार्ष्णेय, रश्मि वार्ष्णेय आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# पृथ्वी का संरक्षण हम सब का दायित्व- डॉ अग्निहोत्री

**दैनिक समाज जागरण**

चंदौसी। नगर के शिक्षाविद् व पर्यावरणविद् डॉ डी के अग्निहोत्री ने बताया कि आज भारत समेत पूरा विश्व, 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस के रुप में मना रहा है, वर्ष 2025 की विश्व पृथ्वी दिवस की थीम "हमारी शक्ति एवं हमारा ग्रह" है, जिसका अर्थ मनुष्यों, संगठनो व सरकारो की अक्षय उर्जा स्त्रोतो को नियंत्रित कर टिकाऊ भविष्य बनाने की आम जिम्मेदारी पर केंद्रित है। प्राकृतिक आपदाएं मानवता के लिए लगातार खतरनाक होती जा रही है। जनसंख्या में वृद्धि व ग्लोबल वार्मिंग के कारण जलवायु परिवर्तन और समुद्र जलस्तर में वृद्धि होती जा रही है। यह भी अधिक संभावना है, कि भविष्य में मानव जाति विभिन्न प्रकार की आपदाओं का सामना करेगी, जिससे बहुत अधिक जन हानि की प्रबल सम्भावना होगी। विश्व पृथ्वी दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्थन प्रदर्शित करने के लिए दुनिया भर में मनाया जाता है, जो भविष्य में आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने ग्रह की सुरक्षा करने की हमारी जिम्मेदारी को याद दिलाता है। इसके साथ ही पर्यावरण की रक्षा के लिए व्यक्तिगत स्तर पर और सामुहिक स्तर पर कार्यवाही करने के लिए प्रेरित करना है। पृथ्वी को हरित बनायें रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण, ऊर्जा बचाना, प्लास्टिक का कम उपयोग, प्रदूषण कम करना शामिल है।

# विधायक रोशन लाल चौधरी शादी समारोह में हुए शामिल, दिया आशीर्वाद ।

**कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव : कोयलंग निमिया टोला निवासी पूर्व मुखिया सह अधिवक्ता शुक्ला तुरी के पुत्री उषा कुमारी के विवाह समारोह में विधायक रोशन लाल चौधरी , विधानसभा सांसद सह प्रतिनिधि पंसस कृष्णा राम ने शादी समारोह



में शामिल होकर आशीर्वाद देकर सुखमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी । पंसस केदार महतो, पूर्व मुखिया अशोक महतो,शोभिया देवी, नागेश्वर तुरी, बिसुन तुरी, जागेश्वर तुरी, आजसू नेता तुलेश्वर राम, राजकुमार दास,बंशीधर मिर्धा, प्रमोद मिर्धा,चिरंजीवी शेखर, मंगल तुरी,अदिति रानी, रानी मिर्धा के अलावा अन्य लोग शामिल थे ।

# अनियंत्रित स्कार्पियो पेड़ से टकराया चालक घायल

**कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव : हजारीबाग से बड़कागांव आ रही स्कॉर्पियो (जेएच 01एफसी 4088) हजारीबाग रोड स्थित टीपी -5 के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया। दुर्घटना में स्कॉर्पियो का चालक घायल हो गया। सीआईएसएफ के जवान व अन्य पुलिस के जवानों की मदद से घायल चालक को इलाज के लिए हजारीबाग अस्पताल भेज दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो एनटीपीसी मे कार्यरत बताई जा रही है । स्कॉर्पियो की गति तेज होने के कारण दुर्घटना हुई है । स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

# दिल्ली भाजपा 5 मई तक प्रदेश भर में चलाएगी वक्फ सुधार जनजागरण अभियान

## प्रधानमंत्री अल्लाह के बंदे के रूप में कार्य कर रहे हैं - जमाल सिद्दीकी

दैनिक समाज जागरण
**मुख्य संवाददाता/ सुषमा रानी**

नई दिल्ली, 21 अप्रैल : दिल्ली भाजपा द्वारा आज से पूरे प्रदेश में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान की शुरूआत की गई जिसको लेकर दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी एवं प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल की उपस्थिति में एक बैठक की गई। बैठक में कार्यक्रम के संयोजक आतिफ रशीद, अल्पसंख्यक मोर्चा दिल्ली प्रदेश प्रभारी कारी मोहम्मद हारून, अध्यक्ष अनीश अब्बासी के अलावा अनेकों जिला अध्यक्ष वा प्रदेश टीम के लोग उपस्थित रहे।




इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने मुस्लिम समाज को वक्फ संशोधन बिल से मिलने वाले लाभ के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 5 मई तक मंडल स्तर पर इस जन जागरण अभियान का आयोजन किया गया है ताकि विपक्ष द्वारा दिल्ली के लोगों को वक्फ संशोधन बिल को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम को दूर किया जा सके।

अपने संबोधन में जमाल सिद्दीकी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार किसी भी हालत में वक्फ बोर्ड को कमजोर नहीं करना चाहती है बल्कि उसे लौह स्तंभ की तरह और मजबूत करना चाहती है जिसके लिए कुछ संशोधन किए गए है और जो देश के मुसलमानों को धैर्यपूर्ण समझने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि इस बिल के माध्यम से देश के अनेकों राज्यों में भाजपा सरकार वक्फ प्रॉपर्टियों को कब्जे से मुक्त करवाएगी और गरीब, पिछड़े मुस्लिमों को उनका हक दिलवाने का काम करेगी और इसी कारण इन प्रापर्टी चोरों पर नकेल कसने के लिए ही ये संशोधन बिल लाया गया है।

जमाल ने कहा कि आने वाले समय में भारत में मुसलमानों का विकास होने से कोई रोक नहीं सकता क्योंकि दुनिया में लोगों का भला करने के लिए अल्लाह अपना एक बंदा भेजता है और हमारे बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अल्लाह के उसी बंदे के रूप में कार्य कर रहे हैं।

वही इस मौके पर भाजपा दिल्ली प्रदेश के महामंत्री विष्णु मित्तल ने कहा कि वक्फ बोर्ड का मतलब भ्रष्टाचार का अड्डा लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शिता के चलते और देश के मुसलमानो के अधिकारों की रक्षा करते हुए इस बिल को पास करवाया जिससे अब भ्रष्टाचारियों द्वारा कब्जाई जमीनें मुक्त हो सकेंगी और जरूरतमंदों के हितों में काम आ सकेंगी।

अल्पसंख्यक मोर्चा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष अनीश अब्बासी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सबका साथ सबका विकास का विस्तार हो रहा है जिसमें महिलाओं की सहभागिता को प्रमुख रूप से देखा जा रहा है। उन्होंने कहा के हम मोदी जी का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने वक्फ बिल को संशोधित करके देश के मुसलमानों को उनका हक दिलाने का काम किया है।

# खाटू श्याम दिल्ली धाम में भगवान वाल्मिकी धाम का भव्य शिलान्यास किया गया

दैनिक समाज जागरण
**मुख्य संवाददाता**

दिल्ली:खाटू श्याम दिल्ली धाम में भगवान वाल्मीकि धाम का भव्य शिलान्यास मुख्य अतिथि बीएल संतोष राष्ट्रीय संगठन महामंत्री भाजपा ने शिलान्यास करते हुए ये एक सनातन के लिए अग्रणीय कदम की शुरूवात के राष्टीय अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता जावेरी को श्याम बाबा के आदेशनुसार इस अद्भुत कार्य के लिए शिल्पकार की संज्ञा दे खाटू श्याम दिल्ली धाम के साथ जुड़े 16700 ट्रस्टी और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े लाखो व्यक्तियों को साधु वाद देते भारतीय संस्कृति और सनातन का के केंद्र बिंदु बनते जा रहे खाटू श्याम दिल्ली धाम की सराहना की।




आजादी के 76 वर्ष के इतिहास में पहली बार बाबा के आदेश से वाल्मीकि धाम को बनाने वाल्मीकि नहीं ,खाटू श्याम दिल्ली धाम के ट्रस्टी जी वाल्मीकि नहीं है साथ में बन रहे अयोध्या धाम , बन चुके गौतम बुद्धा धाम सामाजिक समरसता का प्रतीक , गुरुद्वारा धाम ,महावीर स्वामी धाम सनातन को बढ़ाने और भारत को विश्व गुरु की और अग्रसर कर रहा है परिणाम स्वरूप अब सभी मंदिरों में होगी सभी देवी देवताओं की पूजा वाल्मीकि समाज से महामेंदलेशर संत कृष्ण शाह विधार्थी महामेंडेलेशर गुरु योगनी माता ने भी इसे राष्टीय अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता जावेरी को श्याम बाबा से मिला स्वप्न में आदेश और आशीर्वाद का चमत्कार बताया

# तारों के जंजाल से सदर बाजार में हो सकता है बड़ा हादसा

**दैनिक समाज जागरण मुख्य संवाददाता**

दिल्ली में बढ़ रही गर्मी के कारण आए दिन आग की घटनाएं भी बढ़ती जा रही है इसको लेकर सदर बाजार के व्यापारियों में काफी दहशत है फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा व अध्यक्ष राकेश यादव सदर बाजार की विभिन्न मार्केट में तारों का जंजाल बना हुआ है जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है इसके लिए लगातार व्यापारी बिजली विभाग, एमटीएनएल, एयरटेल सहित एजेंटीयों को लगातार सूचित कर रहे हैं मगर कोई भी कार्रवाई नहीं हो रही।इसको लेकर फेडरेशन सभी विभागों से जल्द ही वार्ता करेगी। जिससे यह समस्या का हाल जल्द से जल्द निकल सके।



परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने बताया सदर बाजार की मटके वाली गली, ग्रीन मार्केट, कुताब रोड, पान मंडी, तोलिया वाली गली सहित अनेक मार्केट में तारों के जंजाल से बुरा हाल है जिससे आए दिन शॉर्ट सर्किट होते रहते हैं और कई बार आग लगने की बड़ी घटनाएं भी हुई है जिसमें करोड़ों रुपए का व्यापारियों का नुकसान हुआ है।

परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने बताया जल्दी कोई करे ना हुआ तो फेडरेशन इन के खिलाफ आंदोलन करेगी। साथी उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री से भी निवेदन किया है वह कृपया इस और ध्यान देकर व्यापारियों की सुरक्षा का ख्याल करें।

# जत्थेदार की नियुक्ति और सेवानिवृत्ति से संबंधित नियमों पर शिरोमणि कमेटी ने सुझाव देने के लिए 20 मई तक समय बढ़ाया

**रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो, 21 अप्रैल : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार की योग्यता, नियुक्ति, जिम्मेदारियों और सेवानिवृत्ति के संबंध में सुझाव मांगने का समय बढ़ा दिया है। ये सुझाव अब 20 मई 2025 तक भेजे जा सकेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसजीपीसी सचिव प्रताप सिंह ने बताया कि श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार साहिब के संबंध में सेवा नियम बनाने के लिए सिख संगठनों, पंथों, संस्थाओं, सिंह सभाओं, सभा सोसायटियों और सिख विद्वानों से 20 अप्रैल 2025 तक सुझाव मांगे गए थे। उन्होंने कहा कि हालांकि शिरोमणि कमेटी को कई सुझाव प्राप्त हुए हैं, लेकिन इसके आगे विस्तार के लिए 20 मई, 2025 तक समय बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही पूर्व में प्राप्त सुझावों को पढ़ने तथा उसका मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी, जिसके बाद उसे अंतिम रूप देने के लिए एक समिति गठित की जाएगी।उन्होंने कहा कि ये सुझाव शिरोमणि कमेटी को मैनुअल रूप में या पहले की तरह अधिकारत ईमेल info@sgpc.net और व्हाट्सएप नंबर 77101-36200 पर भेजे जाएं।

# सांसद भाई अमृतपाल सिंह पर लगाया गया एनएसए तुरंत हटाए सरकार ;एडवोकेट धामी

**रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो, 21 अप्रैल : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद सांसद भाई अमृतपाल सिंह पर लगाए गए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) को सरकार द्वारा 1 वर्ष के लिए बढ़ाए जाने की कड़ी निंदा की है तथा इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है।अधिवक्ता धामी ने कहा कि उन्हें अदालती प्रक्रिया से दूर रखकर सरकार का यह कदम मानवाधिकारों का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि भाई अमृतपाल सिंह ने ऐसा कोई अपराध नहीं किया है कि उन्हें देशद्रोही करार देकर राज्य से हजारों किलोमीटर दूर जेल में रखा जाए। मानवाधिकारों की दृष्टि से यह उचित कार्रवाई नहीं है। उन्होंने पंजाब सरकार से डिब्रूगढ़ जेल में बंद भाई अमृतपाल सिंह पर लगाए गए एनएसए को तुरंत हटाने और उन्हें निष्पक्ष सुनवाई का अवसर देने को कहा।



# विद्यामंदिर क्लासेस के छात्र दक्ष ने जेईई मेन 2025 में हासिल की ऑल इंडिया रैंक 1, पूरे देश में टॉप किया

**रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख**

हिसार , 21 अप्रैल : विद्यामंदिर क्लासेस के 2-वर्षीय क्लासरूम प्रोग्राम के मेधावी छात्र दक्ष ने जेईई मेन 2025 की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त कर पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह परीक्षा देश की सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक मानी जाती है।दक्ष की इस शानदार उपलब्धि ने न केवल उनकी लगातार मेहनत और एकेडेमिक एक्सेलेंस को दशार्या है, बल्कि विद्यामंदिर क्लासेस की परीक्षित और सिद्ध शिक्षण पद्धतियों, व्यक्तिगत मेंटरशिप, और "स्टूडेंट फर्स्ट" के विजन की सफलता को भी उजागर किया है। दक्ष की सफलता इस बात का प्रमाण है कि योजनाबद्ध मार्गदर्शन, समर्पण और केंद्रित अध्ययन से असाधारण सफलता हासिल की जा सकती है। अपनी खुशी व्यक्त करते हुए विद्यामंदिर क्लासेस के सह-संस्थापक और आई.आई.टी. दिल्ली के पूर्व छात्र बृज मोहन ने कहा, हम दक्ष और उसकी शानदार उपलब्धि पर बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। उसकी अनुशासनप्रियता, विषयों की स्पष्ट समझ और हमारी शिक्षण प्रणाली पर उसके विश्वास ने उसकी सफलता में अहम भूमिका निभाई है। सच्चाई यह है कि बोर्ड परीक्षाओं में प्रश्न सामान्य होते हैं, जबकि जेईई और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नों को घुमा कर पूछा जाता है। हमने सबसे पहले यह पहचाना कि सफलता के लिए छात्रों को एक अलग तरीके से तैयारी करनी होगी। हर वर्ष जेईई में हमारे छात्रों की सफलता यह साबित करती है कि हमारी अनोखी शिक्षण शैली छात्रों की प्रतिभा को निखारने में सफल रही है। हमें अपने छात्रों और शिक्षकों की इस उपलब्धि पर अत्यंत गर्व है। यह विद्यामंदिर क्लासेस परिवार के लिए गर्व का क्षण है। 2-वर्षीय क्लासरूम कोर्स के छात्र रहे दक्ष ने विद्यामंदिर क्लासेस के सुव्यवस्थित पाठ्यक्रम का ईमानदारी से पालन किया और संस्थान के प्रसिद्ध शिक्षकों, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और तनाव-मुक्त शैक्षणिक माहौल का भरपूर लाभ उठाया। जेईई मेन 2025 में उनकी ऑल इंडिया रैंक 1, विद्यामंदिर क्लासेस द्वारा प्रदान की जा रही उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता और परिणाम-केंद्रित प्रशिक्षण की सशक्त पुष्टि करती है। अब जब दक्ष जेईई एडवांस्ड की तैयारी कर रहे हैं, तो पूरी वीएमसी टीम उन्हें भविष्य की इस यात्रा के लिए ढेरों शुभकामनाएं देती है।




# 20 हजार रुपये रिश्वत लेते पंचायत सचिव विजीलेंस ब्यूरो द्वारा रंगे हाथों काबू

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

बठिंडा, 21 अप्रैल : राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने आज खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय बरनाला में तैनात पंचायत सचिव गुरमेल सिंह को 20 हजार रुपए मांगने और लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।राज्य सतर्कता ब्यूरो के प्रवक्ता ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि उक्त आरोपी को पटियाला के एक ठेकेदार द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो से संपर्क कर आरोप लगाया है कि उसने 2023 में बरनाला जिले के गांव फतेहगढ़ छन्ना में पंचायती जमीन पर 3,84,000 रुपये लगाया था लेकिन उक्त पंचायत सचिव ने 20 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की है। बिलों पर आगे की कार्रवाई के लिए 20,000 रुपये कमीशन दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद सतर्कता ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया। जिसके दौरान उक्त पंचायत सचिव को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 20,000 रुपये वसूले। इस संबंध में दोनों आरोपियों के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो के थाना पटियाला रेंज में भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्हें कल अदालत में पेश किया जाएगा और मामले की आगे की जांच जारी है।



# शिरोमणि समिति के अध्यक्ष ने पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त किया

**रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

अमृतसर, 21 अप्रैल : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त किया है और ईसाई समुदाय के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त की है। एडवोकेट धामी ने कहा कि पोप फ्रांसिस अपने धर्म के नेता थे, जिनके निधन से समुदाय को बड़ी क्षति हुई है। शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि वह सिख समुदाय की ओर से संवेदना प्रकट करते हैं तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं।



# जनपंचायत में उठी पालम विधानसभा की जल संकट की गंभीर समस्याएं, जल बोर्ड को दी चेतावनी

**दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्ली, (21 अप्रैल) – मधु विहार में आयोजित पाँचवीं जन पंचायत में जल आपूर्ति एवं सीवर व्यवस्था से जुड़ी गंभीर समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय निवासियों ने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी। फेडरेशन ऑफ साउथ एंड वेस्ट डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर फोरम के अध्यक्ष श्री रणबीर सोलंकी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यदि जल बोर्ड द्वारा शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो क्षेत्रवासी जल बोर्ड कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन व घेराव के लिए बाध्य होंगे।

श्री सोलंकी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं जैसे स्वच्छ जल व स्वच्छता प्राप्त करना उसका अधिकार है, और प्रशासन का दायित्व है कि वह यह सुनिश्चित करे। परंतु पालम विधानसभा क्षेत्र में इन आवश्यक सेवाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है।"

पालम गांव, पालम एक्सटेंशन, मधु विहार, राजापुरी, भरत विहार, ईस्ट राजापुरी, विश्वास पार्क, टी एक्सटेंशन, महावीर एन्क्लेव सहित आसपास के क्षेत्रों में सीवर ओवरफ्लो एवं पीने के पानी की आपूर्ति से जुड़ी समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं। क्षेत्रीय नागरिकों एवं आरडब्ल्यूए द्वारा कई बार जल बोर्ड से अनुरोध किए गए, परंतु अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई।

जन पंचायत में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो जल बोर्ड कार्यालय का घेराव कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में उपस्थित प्रमुख प्रतिनिधियों में आरडब्ल्यूए मधु विहार के महासचिव श्री जगदीश नैनवाल, पूर्व प्रधान श्री शशिधरन नायर,प्रेम मालिक, सतबीर प्रधान, डी के शर्मा, डी के सैनी, हरिओम शर्मा ,श्री आर.डी. अग्रवाल, श्री सुरेश गलियान, श्री हरिश्चंद्र राय, श्री हरिराज चौहान, श्री प्रेम प्रभाकर एवं श्री शिवमंगल यादव आदि शामिल थे।



**प्रमुख मांगे इस प्रकार हैं:**

1. मधु विहार वार्ड एवं उसके सातों ब्लॉकों में सीवर पिटों की मरम्मत एवं टूटे ढक्कनों को बदला जाएं।
2. आधुनिक सफाई उपकरणों द्वारा नियमित रूप से सीवर की सफाई करवाई जाए।
3. डीप सीवर सिस्टम का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए।
4. क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।
5. पालम गांव के जाट चौपाल से श्मशान भूमि तक सीवर पिटों की मरम्मत व टूटे हुए ढकनों को बदला जाए।
6. बाटा चौक से दादादेव मंदिर तक सीवर की नियमित सफाई करवाई जाए।
7. पालम एक्सटेंशन के सतनारायण मंदिर के पास लगभग 3 साल पहले पीने के पानी की पाइपलाइन डाली गई थी। उसे तत्काल मेन लाइन से जोड़ा जाए ताकि पालम गांव एवं पालम एक्सटेंशन जी ब्लॉक को पीने का पानी मिल सके।
8. सत्यनारायण मंदिर के पास से जी- 23 तक सीवर स्तर को नीचे किया जाए ताकि पालम गाँव की सीवर ओवरफ्लो की समस्या समाप्त हो।
9. डी ब्लॉक शहीद रामफल चौक के पास 90 मीटर पेयजल पाइप डाली जाए।
10. पाइपलाइन के अवैध कनेक्शन को तत्काल प्रभाव से रोका जाए।
11. जमीनी जलस्तर लगभग 3 फुट पर है जिसकी जांच कर समाधान प्रदान किया जाए।

फेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि यदि इन मांगों पर शीघ्र संज्ञान नहीं लिया गया, तो आगामी दिनों में निर्णायक आंदोलन किया जाएगा।

# "आप" दिल्ली में इस बार मेयर चुनाव नहीं लड़ेगी

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो, 21 अप्रैल : दिल्ली नगर निगम के चुनाव को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप )की नेता आतिशी ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि आम आदमी पार्टी मेयर का चुनाव नहीं लड़ेगी।आतिश ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जहां-जहां चुनाव हारती है, वहां साम-दंड -भेद सब अपनाती है. भारतीय जनता पार्टी दूसरी पार्टियों को तोड़कर सरकार बनाती है. हालांकि, आफ के पास एम.सी.डी. में ज्यादा संख्या नहीं है और पार्टी का फोकस इस समय दिल्ली सरकार पर है, इसलिए उसने मेयर चुनाव में भाग न लेने का फैसला किया है। आम आदमी पार्टी के इस फैसले से बीजेपी को एक तरह से फायदा हो रहा है, क्योंकि इसका मतलब है कि मेयर के पद के लिए प्रतिस्पर्धा कम होगी और बीजेपी के लिए सत्ता पर काबिज होना आसान हो जाएगा। सौरभ ने यह भी कहा कि जब आम आदमी पार्टी ने एमसीडी चुनाव जीता था, तब भाजपा ने मेयर चुनाव में बाधा पहुंचाई थी। उस वक्त मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तक को प्रदर्शन करना पड़ा था। भाजपा ने उस दौरान माइक तोड़ने की घटनाओं से खुद को एक्सपोज किया था। आप नेताओं ने कहा कि अब जब भाजपा ने पार्षदों को डराकर और लालच देकर अपनी संख्या बढ़ा ली है, तो वह अपना मेयर बनाए। आम आदमी पार्टी दिल्ली में विपक्ष की भूमिका निभा रही है और एमसीडी में भी सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाएगी। इस बीच राजनीतिक गलियारों में खूब चर्चा है कि आम आदमी पार्टी ( आप ) अपनी करारी हार को देखते हुए दिल्ली मेयर का चुनाव मैदान से भाग गई है।

# सीआईए डबवाली व सीआईए कालांवाली की बड़ी कार्यवाही

## 2001 के मामले के हत्यारोपी को राजस्थान से दबोचा

**दैनिक समाज जागरण**

डबवाली/ कालांवाली 21 अप्रैल (सुरेश जोरासिया) पुलिस अधीक्षक डबवाली सिद्धान्त जैन आईपीएस के निदेशानुसार तथा उप पुलिस अधीक्षक कालांवाली संदीप धनखड़ के कुशल नेतृत्व मे विभिन्न मामलों में वांछित भगौड़ों/बेल जम्परों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए सीआईए स्टाफ डबवाली व सीआईए कालांवाली ने हत्या के एक पुराने मामले में आरोपी को राजस्थान से काबू करने में सफलता हासिल की है ।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रभारी सीआईए स्टाफ डबवाली सब इंस्पेक्टर राजपाल ने बताया आरोपी की पहचान मनोहर लाल पुत्र जवाहर लाल निवासी रामपुरा बिशनोईयां के रूप में हुई है । आरोपी को अभियोग नंबर 104/2001 थाना सदर में अपने भाई पवन के साथ मिलकर अमीचंद पुत्र बलराम निवासी रामपुरा बिशनोईयां की हत्या करने के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी जो ये दोनो आरोपी जमानत पर बाहर आने के बाद माननीय हाईकोर्ट पंजाब व हरियाणा के आदेश पर कोर्ट में हाजिर नहीं हुए थे । जो आरोपी पवन को पहले ही काबू किया जा चुका है । आरोपी मनोहर 2006 में जेल से बाहर आने के बाद अदालत के बार बार हाजिर होने के आदेशों को दरकिनार करते हुए पेश नहीं हो रहा था । जो माननीय हाईकोर्ट के आदेशानुसार आरोपी मनोहर लाल को काबू किया गया है । आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा ।



# पश्चिम बंगाल में हिन्दूओ पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध की आड़ में हिन्दू समाज पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में आज अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट तथा रेलवे रोड अलीगढ़ के व्यापारीगणों की ओर से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेजा गया। यह ज्ञापन जिला कलैक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली को प्रेषित किया गया।



ज्ञापन में गंभीर आरोप लगाए गए मुर्शिदाबाद में हिन्दू समाज की संपत्तियों को चिन्हित कर जलाया जा रहा है, शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है और कई मामलों में हत्याएं भी हुई हैं। यह सब राज्य प्रशासन की निष्क्रियता या मौन स्वीकृति के बीच हो रहा है, जिससे क्षेत्र में हिन्दुओं का पलायन शुरू हो गया है। धरना स्थल पर उपस्थित वरिष्ठजनों और वक्ताओं ने कहा कि यदि इस मामले में शीघ्र प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई, तो यह स्थिति भारत के संविधान, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक ताने-बाने के लिए अत्यंत घातक सिद्ध होगी। समूह ने राष्ट्रपति से अनुरोध किया है कि वे इस संवेदनशील विषय को गंभीरता से लेकर शीघ्र आवश्यक कदम उठाएं, जिससे देश में शांति, न्याय और सौहार्द की पुनः स्थापना सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर एक शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रभारी अनिवेश चौहान, संरक्षक कृपाल सिंह चौहान, करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह चौहान, करणी सेना युवा के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, रामनिवास प्रधान, ठा. संजीव सिंह, ठा. संदीप सिंह, ठा. कुलदीप सिंह, शिवम ठाकुर, सुरेश सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क कोचिंग के लिए दिव्यांगजन करें ऑनलाइन आवेदन

अलीगढ़। निःशक्त व्यक्ति, दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा छात्रवृत्ति योजना के अर्न्तगत विभिन्न पदो के लिए भर्ती परीक्षाओं, तकनीकी और व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग योजना का संचालन किया जाता है।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी रोहित कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि निःशुल्क कोचिंग योजना से सम्बन्धित सम्पूर्ण दिशा निर्देश वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि निःशुल्क कोचिंग योजना से सम्बन्धित अन्य जानकारी के लिए कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, कक्ष संख्या-08, विकास भवन में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# महिलाऐ एवम बालिकाऐ भावनाओं में बहकर जिंदगी बर्बाद ना करें

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़। सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद व परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी। पिछले चरणों में ऑपरेशन जागृति के तहत चार प्रमुख मुददों पर चर्चा की गई थी जिसके अंतर्गत महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा व उनको मोहरा बनाकर झूठी शिकायत, प्रेम संबंधों में किशोर व किशोरियों का घर से पलायन व साइबर हिंसा व उससे बचाव से संबंधित विषयों को चुना गया था। इस बार ऑपरेशन जागृति के छह उद्देश्य प्रमुखता में है जिसमें महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व अधिकार पर चर्चा, महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे केस दायर करना, किशोरावस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन, साइबर हिंसा व सुरक्षा, नशे के दुष्परिणामों से बचाव व पारिवारिक विघटन के मामलों पर चर्चा शामिल है। ऑपरेशन जागृति अभियान की सहायता से महिलाओ व बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी आयेगी, गलत सूचनाएं दर्ज करने मे भी कमी आयेगी, कांउसलिंग और रिपोटिंग सिस्टम मजबूत होगा, पलायन सम्बन्धी मामलों में भी कमी आयेगी। इन सभी परिस्थितियों में सामाजिक जागरूकता, संवाद शिक्षा और परामर्श की बेहद आवश्यकता है ताकि महिलायें एवं बालिकायें इस प्रकार के षडयंत्रों का शिकार न बने, भावनाओं में बहकर अपना जीवन बर्वाद न करें और उन्हें मोहरा न बनाया जाए, यदि वास्तव में उनके साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होता है तो वह सच बोलने की हिम्मत रख पाये और विधिक कार्यवाही के साथ-साथ उनको मिल सके।

# अनियंत्रित टैंकर घर में घुसी, तीन मासूम सहित 5 लोग घायल

**संवाददाता विनोद कुमार सिंह/ दैनिक समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। स्थानीय चौकी क्षेत्र अंतर्गत डाला शहीद स्थल के पास एक ट्रक ने टैंकर को मारी टक्कर, टैंकर अनियंत्रित होकर दीवाल तोड़ते हुए घर में घुस गई जिसमें तीन मासूम बालिका एक गर्भवती महिला एक पुरुष सहित कुल 5 लोग घायल हो गए।



प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार की सुबह करीब 7:10 बजे शहीद स्थल के डिवाइडर कटिंग के पास तेलगुड़वा से चोपन की तरफ जा रही एक ट्रक ने उसी दिशा से आगे जा रही एक टैंकर को टक्कर मार दिया। टैंकर अनियंत्रित होकर शहीद स्थल के पास स्थित सुबेलाल यादव के घर का दिवाल तोड़ते हुए अजमुदिन के घर में घुस गया जिससे घर क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे मे घर में उपस्थित रहें अजमुदिन पुत्र जलालुदीन उम्र करीब 30 वर्ष उनकी गर्भवती पत्नी रानी खातून उम्र करीब 26 वर्ष व अजमुदिन की तीन पुत्रियां अलीशा उम्र करीब 2 वर्ष आसिफा उम्र करीब 5 वर्ष हसीना उम्र करीब 8 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए।

जिन्हें स्थानीय लोगों व मौके पर पहुंचे डायल 112 पुलिस व स्थानीय पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल भेजवा दिया।

# तेलगुड़वा में स्टेट हाईवे के किनारे बालू भण्डारण से बढ़ा खतरा, मानक नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलगुड़वा में स्टेट हाइवे के किनारे मानक के विपरीत बालू का भंडारण और ढुलाई स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया। यह क्षेत्र पहले से ही दुर्घटना संभावित माना जाता है, और अब अनियमित बालू ढुलाई के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई है। स्थानीय निवासियों और राहगीरों की शिकायत है कि बालू ढोने वाले वाहन न तो तिरपाल से ढके होते हैं और न ही भंडारण स्थल पर धूल नियंत्रण के लिए पानी का छिड़काव किया जाता है। इसके अलावा, कुछ वाहनों से बालू के पानी रिसने के कारण सड़क गीली और फिसलन भरी हो रही है, जिससे मोटरसाइकिल सवार और अन्य वाहन चालको के चोटिल होने का खतरा बढ़ता जा रहा हैं। और कई बाइक सवार गिर कर घायल भी हो चुके है

**धूल और फिसलन से बिगड़ते हालात**

तेलगुड़वा में स्टेट हाइवे के किनारे स्थित बालू भंडारण स्थल से सड़क पर धूल और बालू बिखर रहा है। तेज हवाओं के कारण यह धूल हवा में उड़कर राहगीरों की आंखों में पड़ रही है, जिससे दृश्यता कम हो रही है और मोटरसाइकिल सवारों के लिए वाहन नियंत्रण करना मुश्किल हो रहा है। स्थानीय निवासी ने बताया कि बच्चे और बुजुर्ग विशेष रूप से परेशान हैं। मोटरसाइकिल चलाते समय कई बार धूल के कारण संतुलन बिगड़ जाता है।

वहीं कुछ वाहनों से रिसने वाला पानी सड़क को कीचड़मय और फिसलन भरा बना रहा है। ये वाहन बिना तिरपाल के बालू ढोते हैं,और पानी रिसने से सड़क खतरनाक हो गई है। प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

**एनजीटी और खनन नियमों की अनदेखी**

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) के दिशा निर्देशों के अनुसार, बालू भंडारण स्थल



नदियों, जल स्त्रोतों, और स्टेट हाइवे जैसे संवेदनशील क्षेत्रों से कम से कम 500 मीटर दूर होना चाहिए। साथ ही, परिवहन के दौरान वाहनों को तिरपाल से ढकना और भंडारण स्थल पर नियमित पानी का छिड़काव करना अनिवार्य है। इसके बावजूद, तेलगुड़वा में इन नियमों का खुला उल्लंघन हो रहा है। उत्तर प्रदेश खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन और भंडारण निवारण) नियमावली, 2017 के तहत, बिना तिरपाल के परिवहन पर 5,000 से 25,000 रुपये का जुमार्ना और भंडारण स्थल पर धूल नियंत्रण न करने पर भारी जुमार्ना या लाइसेंस रद्द करने का प्रावधान है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खनन माफिया और कुछ प्रभावशाली लोगों के दबाव में प्रशासन इस मामले में चुप्पी साधे हुए है। कुछ लोगों ने बताया कि यहां सिर्फ पर्यावरण का सवाल नहीं, बल्कि लोगों की जान का भी सवाल है। स्टेट हाइवे पर हर दिन सैकड़ों, हजारों लोग गुजरते हैं, और इस लापरवाही के कारण कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

**स्वास्थ्य और पर्यावरण पर खतरा**

बालू भंडारण और ढुलाई से उठने वाली धूल न केवल सड़क सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर रही है। धूल के कणों के कारण सांस संबंधी बीमारियां, आंखों में जलन, और एलर्जी की शिकायतें बढ़ रही हैं। एनजीटी के दिशानिदेर्शों में स्पष्ट है कि भंडारण स्थल पर धूल नियंत्रण के लिए नियमित पानी का छिड़काव और तिरपाल से ढकना अनिवार्य है, लेकिन तेलगुड़वा में ये उपाय पूरी तरह अनुपस्थित हैं।

**प्रशासन की चुप्पी और अपेक्षित कार्रवाई**

जिला खनन विभाग और चोपन थाना पुलिस को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 के तहत अवैध भंडारण और परिवहन पर 5 लाख रुपये तक का जुमार्ना और 5 साल तक की जेल का प्रावधान है। इसके अलावा, एनजीटी के आदेशों के उल्लंघन पर पर्यावरण मुआवजा भी लगाया जा सकता है।

# एएसपी ने विवेचना रजिस्टर एवं बीट आरक्षियों के बीट बुक का किया निरीक्षण

**समाज जागरण/ विनोद कुमार सिंह।**

सोनभद्र। अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह द्वारा जनपद के समस्त विवोचको के विवेचना रजिस्टर का निरीक्षण व बीट सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में जनपद के समस्त बीट कर्मियों के बीट बुक का निरीक्षण किया गया। उक्त



निरीक्षण के दौरान बीट कर्मियों को बीट क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करते हुये बीट क्षेत्र में होने वाले अवैध कार्यों के सम्बन्ध में अभिसूचना संकलन करने तथा अवैध शराब/मादक पदार्थों/छेड़खानी/महिला उत्पीड़न में लिप्त अपराधियों व मनचलों/शोहदों के सम्बन्ध में जानकारी एकत्र किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही बीट में प्रभावी कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारीगण से प्राप्त निदेशों से अवगत कराते हुये ब्रीफ किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय द्वारा बीट कर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया तथा प्रकाश में आने वाली समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारीगणों को निर्देशित किया गया।

# मिशनशक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

**समाज जागरण/ विनोद कुमार सिंह।**

सोनभद्र। शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति (फेज-05) अभियान के तहत अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियों स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूलों/कॉलेजों, मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री



हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससे समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

# विराट रुद्र महायज्ञ में, 11511 रुद्राक्ष से कराया गया रुद्राभिषेक

- शिव शक्ति महिला मंडल एवं भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट ने किया आयोजन
- रामगढ़ कसारी स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में चल रहा कार्यक्रम



**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। रामगढ़ कसारी स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में चल रहे विराट रुद्र महायज्ञ में सोमवार को सातवें दिन 11511 रुद्राक्ष से रुद्राभिषेक कराया गया। इसके अलावा जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी गई। श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। इस दौरान हर हर महादेव के जयकारे से समूचा यज्ञ स्थल गुंजायमान रहा। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारे में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजक/ संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि भिखारी बाबा आश्रम परिसर में नौ दिवसीय विराट रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। विराट रूद्र महायज्ञ के सातवें दिन 11511 रुद्राक्ष से रुद्राभिषेक कराया गया। जिसमें 10900 पंचमुखी रुद्राक्ष और 611 दोमुखी रुद्राक्ष शामिल रहा। जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी गई। जिससे पर्यावरण प्रदूषण की समस्या से निजात मिल सके। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। इस दौरान हर हर महादेव के जयकारे से समूचा यज्ञ स्थल गुंजायमान हो गया।

यज्ञाचार्य राजेश तिवारी, आचार्य योगेश तिवारी, आचार्य गिरीश पाठक के जरिए विराट रुद्र महायज्ञ का कार्यक्रम सातवें दिन संपन्न कराया गया। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। नागालैंड से आए संत शिरोमणि वीरा लाल जी व कथा व्यास पंडित राजेश तिवारी के जरिए सुनाई गई कथा का भी श्रद्धालुओं ने श्रवण किया।

विराट रुद्र महायज्ञ के यजमान राजेश कुमार पाठक व उनकी धर्मपत्नी शिव शक्ति महिला मंडल की संरक्षिका सुशीला पाठक के साथ ही भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की उपाध्यक्ष चिंता मौर्या, खुशबू मौर्या, शकुंतला चौबे, सविता चौबे, नयना मिश्रा, उर्मिला, किरन मोदनवाल, राजकुमार गुप्ता, सुशीला, रीता देवी, करुणा सिंह, सत्या मौर्या, कलावती चौबे, कृष्णावती, विमला देवी, हीरा सिंह, कालो देवी, इन्द्रपति पांडेय, ईश्वर पटेल, शुभराम, मुन्ना बाबा, अभय आदि मौजूद रहे।

# मोबाइल फोन को बरामद कर, सम्बन्धित मोबाइल स्वामी को किया गया सुपुर्द।

**समाज जागरण/ शिव प्रताप सिंह**

ओबरा/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना ओबरा पुलिस के सी0सी0टी0एन0एस0 कार्यालय द्वारा सी



ईआईआर पोर्टल के माध्यम से सप्ताह में तीसरा मोबाइल एंड्रायड मोबाइल फोन की बरामदगी की गयी तथा सम्बन्धित मोबाइल स्वामिनी निधी केशरवानी निवासिनी वीआईपी रोड थाना ओबरा जनपद सोनभद्र को आज दिनांक 21.04.2025 को सुपुर्द किया गया। मोबाइल पाने के बाद मोबाइल स्वामिनी द्वारा प्रसन्न होकर थाना ओबरा पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

# दोषी पति को 7 वर्ष का कठोर कारावास

- 11 हजार रुपये अर्थदंड, न देने पर 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी
- करीब साढ़े 6 वर्ष पूर्व हुए संगीता देवी हत्याकांड का मामला



**शिव प्रताप सिंह/ दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। करीब साढ़े 6 वर्ष पूर्व हुए संगीता देवी हत्याकांड के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी/ सीएडब्लू, सोनभद्र अर्चना रानी की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी पति संतलाल को 7 वर्ष का कठोर कारावास व 11 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक मृतका संगीता देवी के पिता श्री किशुन पुत्र स्वर्गीय कैलाश बैगा निवासी बहेराडोल , थाना हाथीनाला, जिला सोनभद्र ने 17 नवंबर 2018 को म्योरपुर थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसने अपनी बेटी संगीता देवी की शादी करीब 14 वर्ष पूर्व संतलाल पुत्र सोमारू निवासी ग्राम चैरी, थाना म्योरपुर, जिला सोनभद्र के साथ किया था। बेटी संगीता देवी को उसका पति संतलाल आए दिन प्रताड़ित करता रहता था। जिसकी वजह से कई बार ग्राम प्रधान व सम्भ्रांत लोगों की मौजूदगी में सुलह समझौता भी कराया गया, लेकिन दामाद में कोई बदलाव नहीं आया। 16 नवंबर 2018 को बेलन से मारकर बेटी संगीता देवी की हत्या कर दिया। इसकी जानकारी उसे देर में दी गई है। रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी पति संतलाल को 7 वर्ष की कठोर कैद व 11 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने बहस की।

# जिला वृक्षारोपण समिति, पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न।

**समाज जागरण/ शिव प्रताप सिंह।**

सोनभद्र। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, पर्यावरण समिति एवं गंगा समिति की बैठक की गयी, बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण हेतु जिन विभागों को जो भी लक्ष्य दिये गये हैं, वह उसके अनुरूप गढ्ढा खुदाई का कार्य ससमय कर लें और वर्ष-2023-24 में किये गये वृक्षारोपण के माहवार जीवितता प्रतिशत रिपोर्ट उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें, हरीतिमा ऐप पर लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत जीओ टैगिंग कराना सुनिश्चित करें, समस्त राजकीय, निजी स्वास्थ्य



केन्द्रों, अस्पतालों तथा पशु चिकित्सालयों में उत्पन्न होने वाले जैव चिकित्सा अपशिष्ट मानक के अनुसार निस्तारित किया जाये, उद्योगों द्वारा खतरनाक अपशिष्ट को नदियों व तालाबों में जाने से रोकने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये, खनिज परिवहन से उत्पन्न होने वाले फ्लाईऐस के नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये, नदियों को स्वच्छ निर्मल व अविरल रखने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाये, कृषि विभाग द्वारा सोन नदी के किनारे बसे गांवो में किसानो को आरगैनिंक प्राकृतिक खेती हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाये। इस मौके पर डीएफओ राबर्ट्सगंज कुंज बिहारी वर्मा, डीएफओ ओबरा, डीएफओ रेनुकूट सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# पुलिस अधीक्षक, द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता एवं फरियादियों की सुनी गई समस्याएं।

**समाज जागरण/ शिव प्रताप सिंह**

सोनभद्र। प्रतिदिन की भांति की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज दिनांक-21.04.2025 को अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु



सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

# मनरेगा पर मंडलीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

## श्रमिकों के बच्चों को अटल आवासीय विद्यालय में दिलाई जाए शिक्षा

**दैनिक समाज जागरण - अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़ : आयुक्त अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ श्रीमती संगीता सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के सुचारु एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सोमवार को मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव, उपायुक्त श्रम रोजगार, ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश दीनदयाल वर्मा समेत अलीगढ़, एटा, हाथरस और कासगंज के उपायुक्त श्रम रोजगार, खण्ड विकास अधिकारी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, लेखाकार, सहायक लेखाकार, रोजगार सेवक एवं महिला मेट के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

मण्डलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह ने एक दिवसीय मनरेगा मण्डलीय वर्कशॉप का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। उन्होंने कार्यशाला में मनरेगा योजना के तहत किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन पर बल



दिया। आयुक्त ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने की एक सशक्त योजना है, जिसके माध्यम से गांवों में टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण भी सुनिश्चित होता है।उपायुक्त श्रम रोजगार, ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश दीनदयाल वर्मा ने निर्देशित किया कि कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे फील्ड विजिट कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लें और जमीनी स्तर पर कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करें।

कार्यशाला में मनरेगा योजना के तकनीकी एवं सामान्य बिन्दुओ पर विषय विशेषज्ञो द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। ग्राम्य विकास संस्थान कासगंज व अलीगढ के जिला प्रशिक्षण अधिकारी एवं आरसेटी हाथरस, एटा व कासगंज के निदेशकगण ने प्रशिक्षण देते हुए श्रम बजट तैयार करने एवं कार्य योजना बनाने के साथ-साथ अभिलेखो के रखरखाव के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यशाला मे विभिन्न प्रकार की अनियमितताओ पर ध्यान आकृष्ट कराते हुये विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया और सभी को अवगत कराया गया कि शिकायतों के निस्तारण के संबन्ध में त्रुटि निवारण करते हुये शिकायत को निक्षेपित किया जाए। अकुशल श्रमिकों को 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनका बीओसीडब्ल्यू में पंजीकरण कराते हुये श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभन्वित कराया जाये। श्रमिकों के बच्चों का अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिलाते हुये गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करायी जाये। इसके साथ ही कार्यशाला में मनरेगा के तहत नियोजित कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा, मानव-दिवस सृजन लक्ष्य की पूर्ति, पारदर्शिता एवं जन-सुनवाई की व्यवस्था, जॉब कार्डधारकों की सहभागिता बढ़ाना, भौतिक एवं वित्तीय प्रगति में समन्वय, जियो टैगिंग एवं मोबाइल ऐप के उपयोग की निगरानी, सोशल ऑडिट की अनिवार्यता पर विस्तार से चर्चा हुई।

# समाज कल्याण राज्य मंत्री ने, एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाकर किये रवाना

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड़ ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में 108 डायल की 15 एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किये, इस दौरान मंत्री जी ने एक एडवांस लाइव सपोर्ट सिस्टम एम्बुलेंस को भी हरी झण्डी दिखाकर रवाना किये, इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहें। इस दौरान मंत्री जी ने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के उद्देश्य से 108 डायल नम्बर की कुल 21 एम्बुलेंस रिप्लेश के रूप में अब तक जनपद को प्राप्त



हुईं हैं। जिसमें से आज 15 एम्बुलेंस व एक एडवांस लाइव सपोर्ट सिस्टम की एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया, जनपद में रिप्लेस के रूप में प्राप्त एम्बुलेंसों से जनपद में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होगीं और लोगों को समुचित ईलाज की सुविधा समय से उपलब्ध हो सकेंगी।

# बुजुर्ग महिला से बारह हजार की ठगी का खुला फजीवाड़ा

**दैनिक समाज जागरण - अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़। अमेरिका से लौटने की बात कहकर एक व्यक्ति ने अलीगढ़ की एक बुजुर्ग महिला से बारह हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता, जो युवक को अपनी बहन का बेटा मान बैठी थी, उसकी चिकनी-चुपड़ी बातों में आकर पहले तो भावुक हुई और फिर उसकी रिहाई के नाम पर पैसे ट्रांसफर भी कर दिए।

मामला तब सामने आया जब महिला रोती-बिलखती मेयर प्रशांत सिंघल के पास मदद की गुहार लेकर पहुंची। महिला ने बताया कि एक युवक ने खुद को उसका मौसेरा भांजा बताते हुए फोन किया और कहा कि वह अमेरिका से उसके लिए सोना, जूते, कपड़े और अन्य सामान ला रहा है। लेकिन मुंबई में एक्साइज ड्यूटी के नाम पर उसे रोक लिया गया है और उसे रिहा कराने के लिए पैंतीस हजार रुपये की



जरूरत है।

महिला के पास इतने पैसे न होने के चलते उसने अपने जान-पहचान वालों से मदद मॉगी और किसी तरह बाहर हजार रुपये इकट्ठे कर युवक के बताए खाते में ट्रांसफर कर दिए। कुछ राशि पेटीएम से भेजी गई जिसकी रसीद उसने दिखाई, जबकि बाकी का सबूत उपलब्ध नहीं हो सका। जब मामला मेयर कार्यालय पहुंचा, वहाँ मौजूद मीडिया कर्मियों ने शक जताया और जब युवक से बात की तो उसकी बातें संदिग्ध लगीं। जब उससे पूछा गया कि वह किस यार्ड पर है, गेटवे ऑफ इंडिया या अन्य किसी जगह, तो वह जवाब देने की बजाय फोन काट बैठा। इसके बाद से उसने फोन उठाना बंद कर दिया। मीडिया कर्मियों ने साफ किया कि अमेरिका से आने वाले व्यक्ति के पास पहले से ही भारतीय मुद्रा की व्यवस्था होती है और एक्साइज ड्यूटी जैसी बातों में आमतौर पर इस तरह की डिमांड नहीं की जाती। इस घटना से यह स्पष्ट है कि किस प्रकार साइबर अपराधी और ठग भोले-भाले बुजुर्गों को भावनात्मक रूप से फंसाकर ठगी कर रहे हैं।

# नि:शुल्क अभ्युदय कोचिंग के लिए छात्र-छात्राएं 10 मई तक करें ऑनलाइन आवेदन

अलीगढ़। समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत निःशुल्क कोचिंग एसएमबी इण्टर कालेज में सचालित है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नये बैच का प्रारम्भ किया जा रहा है। निःशुल्क कोचिंग द्वारा जिले में मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे- यूपीएससी, यूपीपीएससी, एसएससी, नीट, जेईई की प्रवेश परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी के लिए गुणवत्ता पूर्ण कोचिंग प्रदान की जा रही है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छात्र-छात्राओं का चयन प्रवेश परीक्षा, मेरिट एवं काउन्सलिंग द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत निःशुल्क कोचिंग में प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र-छात्राऐं ऑनलाइन आवेदन पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदन की छायाप्रति सहित सभी आवश्यक संलग्नकों सहित मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग एसएमबी इण्टर कालेज में जमा करना सुनिश्चित करें। छात्र-छात्राएं ऑफलाईन आवेदन प्रपत्र केन्द्र से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही उपरोक्त कोचिंग केन्द्र में छात्र-छात्राओं को यूपीएससी, यूपीपीएससी की कोचिंग में अध्यापन करने के लिए शिक्षकों की भी आवश्यकता है। यूपीएससी, यूपीपीएससी, अभ्यर्थियों को कोचिंग देने के इच्छुक शिक्षकों की आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई निर्धारित की गयी है। आवेदन के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री अभ्युदय केन्द्र एसएमबी इण्टर कालेज रामघाट रोड पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# चार साल से लोगों के जीवन में खुशियां घोल रही गालो मुस्कुरालो

- अकेलेपन से लोगों को बाहर निकालने के लिए की गई पहल
- संकोची लोगों में गाने का आत्मविश्वास पैदा करती है संस्था

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। गालों मुस्कुरालो वेलफेयर सोसाइटी ने आज अपनी स्थापना के चार वर्ष पूरे होने पर एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया । इस अवसर पर गालों मुस्कुरालो वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में गालों मुस्कुरालो वेलफेयर सोसाइटी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। गालो मुस्कुरालो वेलफेयर सोसाइटी अन्य सामाजिक सेवा कार्यों के अतिरिक्त शौकिया गायकों के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन गीत संगीत के कार्यक्रम आयोजित करती है ।यह कार्यक्रम गालों मुस्कुरालो वेलफेयर सोसाइटी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और प्रगति का प्रतीक है।

कोरोना काल में लोगों का अकेलापन दूर करने के लिए शुरू की गई गालो मुस्कुरालो वेलफेयर सोसायटी चार साल से लोगों के जीवन में खुशियां घोल रही है। गीत-संगीत न सिर्फ मानसिक तनाव कम करने में मदद करता है, बल्कि लोगों की सेहत में भी सुधार लाता है।

सोमवार को संस्था की स्थापना के चार वर्ष पूरे होने पर सिविल लाइंस स्थित एक होटल में प्रेसवार्ता का आयोजन किया, इसमें पदाधिकारियों ने चार वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और भविष्य की योजनाएं बताईं। पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था की व्यापक स्वीकार्यता को देखते हुए अक्तूबर 2023 में इसको एक रजिस्टर्ड सोसायटी का रूप दिया गया ताकि सिंगिंग के अलावा अन्य सामजिक कार्यों में योगदान दिया जा सके।

### अकेलेपन से लोगों को बाहर निकालने के लिए की गई पहल

गालो मुस्कुरालो ऑनलाइन सिंगिंग क्लब की स्थापना चार साल पहले 21 अप्रैल 2021 को




कोरोना महामारी के ऐसे दौर में हुई थी, जब लोग डरे सहमे अपने घरों में बंद हो गए थे। ऐसे में लोगों में आत्मविश्वास पैदा करने के लिए उन्हें ऑनलाइन जोड़ा गया और गाने गाकर मन को बहलाया गया, इससे लोगों का अकेलापन दूर हुआ और सिंगिंग एंड म्यूजिक थिरेपी से उनकी सेहत में सुधार आया। कुछ लोगों की इस पहल पर धीरे-धीरे लोग जुड़ते गए और कारवां आगे बढ़ता गया। आज देश-विदेश में संस्था के सैकड़ों सदस्य हैं, जो हर रविवार गीत-संगीत की महफिल में हिस्सा लेते हैं। हालांकि कोरोना काल में सप्ताह में तीन दिन यह महफिज सजा करती थी मगर जब जनजीवन सामान्य हो गया तो केवल रविवार के दिन ही कार्यक्रम का आयोजन होता है।

### संकोची लोगों में गाने का आत्मविश्वास पैदा करती है संस्था

प्रेसवार्ता में संस्था के अध्यक्ष अशोक सक्सेना ने कहा कि गाना लगभग सभी को आता है, लेकिन ज्यादातर लोग संकोच के कारण सबके सामने गाने से कतराते हैं इसलिए यह ऑनलाइन सिंगिंग प्लेटफॉर्म उन्हें बेहतरीन मंच प्रदान करता है और उनमें आत्मविश्वास पैदा करता है। उन्होंने कहा कि संस्था ने पिछले 4 वर्षों में 246 ऑनलाइन और 14 ऑफलाइन कार्यक्रम आयोजित करके कैरिओके गायन का प्रचार प्रसार बरेली ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्यों और विदेशों में भी किया है। आज संस्था से लगभग 180 लोग जुड़ चुके हैं, जो घर बैठे जूम के माध्यम से संगीत का आनंद उठा रहे हैं।

### हर रोज लोगों की गायन कला में हो रहा सुधार

सचिव अरुण शर्मा ने कहा कि गालो मुस्कुरालो संस्था के जरिये लोग घर में रहकर अपने अन्य कार्यों के साथ ही गायन से जुड़े रहते हैं। अब तक करीब 180 से ज्यादा लोग विभिन्न शहरों, प्रदेशों से इससे जुड़ चुके हैं। प्रत्येक रविवार को 40-45 लोग कार्यक्रम में हिस्सा लेकर अपनी प्रस्तुति देते हैं। उन्होंने कहा कि गालो मुस्कुरालो गाने की ट्रेनिंग नहीं देता लेकिन एक माहौल प्रदान करता है, जिसमें लोग खुद अभ्यास करके अच्छा गाने की कोशिश करते हैं। साथ ही गाने के ट्यूटोरियल और बेसिक लर्निंग के लिए अलग से अपने साथियों को पूरी जानकारी उपलब्ध कराता है, जिसके जरिये लोग हर दिन अपने गाने में सुधार ला सकते हैं।

कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सत्य प्रकाश ओबेराय, मिडिया प्रभारी विजय शर्मा, विवेक सक्सेना, राजेश अग्रवाल, अजय राज शर्मा, रागिनी अग्रवाल, बेबी शर्मा, कंचन शर्मा, कैलाश चंद्र शर्मा, नागेश अग्रवाल, बिपिन मेहरा, उदय गोयल, विकास जोहरी, आरती अग्रवाल, पूनम शर्मा, किरण पाठक, माला शर्मा आदि सदस्य मौजूद रहे।

# विद्युत संविदा मजदूर संगठन की बहेड़ी कार्यकारिणी का गठन, सतीश अध्यक्ष और देवेश चुने गए कार्यवाहक अध्यक्ष

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। विद्युत संविदा मजदूर संगठन ने विद्युत वितरण खंड बहेड़ी में ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया, इसके लिए सब डिवीजन देवरनिया में आने वाले विद्युत उपकेंद्र धौराटांडा में सभा का आयोजन किया गया। सभा में संविदा कर्मियों की सर्वसम्मति से ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया।




कार्यकारिणी में सतीश कुमार को डिवीजन अध्यक्ष, देवेश कुमार को कार्यवाहक अध्यक्ष, दिनेश कुमार को महामंत्री, वसीम और प्रेम शंकर को उपाध्यक्ष, सुनील कुमार और विपिन कुमार मीडिया प्रभारी चुना गया। सभी की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री सुनील गोस्वामी और संचालन मंडल उपाध्यक्ष नरेश पाल ने किया। सभा में संविदा कर्मियों की तमाम समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान धौराटांडा विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता शमशुल हसन को संविदा कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया गया। इस दौरान मीडिया प्रभारी अजय नारायण शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष रामविलास शर्मा, जिला महामंत्री राशिद हुसैन, वरिष्ठ कार्यकर्ता कौशल खान, इज्जतनगर डिवीजन अध्यक्ष मोहम्मद यासीन और धौराटांडा उपकेंद्र के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# टेबल टेनिस में मधु ने सोना जीतकर देशभर में रोशन किया बरेली का नाम, एडीजी ने दीं शुभकामनाएं

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। मुरादाबाद जिले में तैनात एसआई मधु कश्यप ने केरल राज्य के कोच्चि में आयोजित प्रथम अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन और टेबल टेनिस क्लस्टर प्रतियोगिता में गोल्ड और सिल्वर जीतकर देशभर में बरेली जोन का नाम रोशन किया। उनकी इस कामयाबी पर बरेली जोन के अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने मधु कश्यप को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### केरल कोच्चि शहर में आयोजित हुई थी प्रतियोगिता

केरल राज्य के कोच्चि शहर में 11 से 15 अप्रैल 2025 तक आयोजित प्रथम अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस क्लस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें देश के समस्त राज्यों के पुलिस बल एवं अर्द्धसैनिक बलों की 41 टीमों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों में पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे।

### टेबल टेनिस में मधु कश्यप ने 1 गोल्ड, 2 सिल्वर मेडल जीते

केरल में आयोजित इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम की सदस्य के रूप में बरेली जोन के जनपद मुरादाबाद में तैनात एसआई मधु कश्यप ने भी भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान टेबल टेनिस में मधु कश्यप ने 1 गोल्ड और 2 सिल्वर मेडल जीतकर बरेली जोन पुलिस का नाम पूरे देश और उत्तर प्रदेश में रोशन किया। उनकी इस कामयाबी पर यूपी पुलिस को गर्व है।

### बरेली में तैनात रह चुकी हैं एसआई मधु कश्यप

केरल से लौटने के बाद सोमवार 21 अप्रैल को मधु कश्यप बरेली जोन कार्यालय जाकर अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा से मिलीं। एडीजी ने गोल्ड मेडल जीतने पर मधु कश्यप को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मालूम हो कि मधु कश्यप बरेली में कई साल तक तैनात रहीं। बरेली में तैनाती के दौरान उन्होंने कई मेडल जीते थे।

# गांव चलो अभियान के अंतर्गत-रिठौरा में पहुंचे एमएलसी बहोरन लाल मौर्या

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

रिठौरा।भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्मजयंती को पन्द्रह दिवसीय विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञान की अलख जगाने के उद्देश्य से सोमवार को गांव चलो अभियान के अंतर्गत एमएलसी बहोरन लाल मौर्या नगर के मोहल्ला नयी बस्ती सभासद नीरज कुमारी की बैठक पर पहुंचे जहां



भारी संख्या में दलित, पिछड़े लोग पहले से ही मौजूद मिले। सभी ने उनका स्वागत - सम्मान किया। इस दौरान श्री मौर्या ने वहां मौजूद सभी लोगों को बाबा साहेब के संविधान तथा आम दलित, पिछड़े जनमानस को उनके अधिकारों एवं सम्मानजनक जीवन शैली को अपनाने का आह्वान करते हुए बच्चों को शिक्षित करने की अपील की। बीच-बीच में बाबा साहेब के जयघोषों से पूरी बैठक गुंजायमान हो उठी।इस दौरान वरिष्ठ पूर्व लिपिक जगदीश गंगवार, पूर्व चेयरमैन राकेश कुमार उर्फ आर के कश्यप,सभासद वीरपाल कश्यप, कमलेश गंगवार, समाजसेवी दिनेश भास्कर, बाबूराम, पूर्व सभासद पप्पू कश्यप, बुद्धसेन,सुंदर लाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# नकली फूड इंस्पेक्टर की अवैध वसूली, खाद्य सुरक्षा विभाग ने कराई एफआईआर

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। खाद्य सुरक्षा विभाग के नाम पर नगर निगम जोन-08 के कई क्षेत्रों में लंबे समय से फजीवाड़ा चल रहा है। विभाग में तैनात एक अधिकारी ने खुलासा किया है कि राम प्रसाद यादव खुद को फूड इंस्पेक्टर बताकर शहर में अवैध वसूली कर रहा है। शहर के डीडीपुरम, हजियापुर, संजय नगर श्यामगंज, जाटवपुरा, नई बस्ती, माधोबाड़ी, गंगापुर आदि क्षेत्रों में खाद्य सामग्री विक्रेताओं को डराकर अवैध वसूली की जा रही है। पीड़ित ने मामले की शिकायत बारादरी पुलिस से की है।




पीड़ित अधिकारी ने उसे समझाने का प्रयास किया गया तो उसने फोन पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। यही नहीं, आरोपी ने खुले तौर पर कहा कि वह बरेली में 20-25 साल से सक्रिय है और पहले भी जेल जा चुका है लेकिन आज तक कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ सका है। बताया गया कि आरोपी खुद को सरकारी कर्मचारी बताते हुए दुकानदारों को डराता है और कानून का भय दिखाकर पैसों की मांग करता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने प्रशासन से इस फजीवाड़े के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

इस तरह की घटनाएं विभाग की छवि को धूमिल कर रही हैं और आम व्यापारियों में डर पैदा कर रही हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश ने इस मामले बारादरी थाने में तहरीर देकर आरोपी पर एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं संबंधित सभी तथ्यों और साक्ष्यों को प्रशासन को सौंपते हुए तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी की गतिविधियों की निगरानी की जा रही है।

# 4 मई को मनाया जाएगा मंडपम प्रगति मैदान दिल्ली में सुधांशु महाराज का जन्मदिन

## - एक मंच पर होंगे देश के विख्यात संत

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशु महाराज का 70 वां जन्मदिन नई दिल्ली के मंडपम, प्रगति मैदान में 4 मई को मनाया जाएगा। मंडल के प्रधान देवेंद्र खंडेलवाल ने बताया कि जन्म उत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के गुरु भाई बहनों के लिए बरेली से दिल्ली जाने की व्यवस्था वातानुकूलित बसों द्वारा गई है ।



महामंत्री पवन अरोड़ा में बताया कि सुधांशु महाराज के जन्मदिन में देश के विख्यात संत मुरारी बापू , महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि महाराज, योग ऋषि रामदेव महाराज, विजय कौशल, परमार्थ निकेतन हरिद्वार के चिंदानंद महाराज, आचार्य बालकृष्ण, डॉक्टर चिन्मय पंड्या, आचार्य संजीव ठाकुर, ओम बिरला अध्यक्ष लोकसभा राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री भारत सरकार, पीयूष गोयल केंद्रीय उद्योग मंत्री, मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री, दिनेश चंद केंद्रीय संरक्षक विश्व हिंदू परिषद विशिष्ट अतिथि के रूप में जन्मोत्सव कार्यक्रम में पधार रहे हैं । संदीप मेहरा ने बताया कि बसे रविवार 4 मई को प्रातः 7:00 बजे त्रिवटी नाथ मंदिर से दिल्ली के लिए रवाना होंगी । सभा में महेंद्र गंगवार, संजय गर्ग, मोहन लाल कालरा, नूतन मिश्रा, नरेंद्र नाथ खुराना, महेंद्र पाठक, संजीव अग्रवाल, सोमेश वार्ष्णेय, प्रमोद सक्सेना, राज कुमार चोपड़ा, संजीव अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त किए।

# हज करने जा रहे जायरीनो का स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया टीकाकरण

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। आज सामुदायिक स्वास्थ्य बिथरी चैनपुर के अंतर्गत आने वाली नगर पंचायत ठिरिया निजावत खा में हज करने जा रहे जायरीनो का स्वास्थ्य विभाग द्वार मास्टर बन्ने खा इंटर कालेज में टीकाकरण किया गया है जिसमे टीकाकरण कराने आये जायरीनो को इन्फ्लूनजा वैक्सीन मलेंजा कोकल




वैक्सीन का टीकाकरण एवं पोलियो की ड्राप पिलाई गयी 96 जायरीनो ने अपना वैक्सीनेशन कराया इस दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा प्रशांत रंजन और बिथरी चैनपुर की प्रभारी अधिकारी डॉ उत्तरा शर्मा ने जायरीनो को पोलियो की खुराक पिलाई स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आरफा खान और आफरीन एनम मधु ,सुनीता ,शिवांगी ,अल्का देवी ,खुसबू ,खुशनुमा एवं वार्ड बॉय राजू खान की ड्यूटी लगाई गयी .समस्त जायरीनो का टीकाकरण सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ।

# राजश्री कालेज की छात्राओं का टैक्सटाइल डिजाइनिंग में तकनीकी प्रशिक्षण

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

रिठौरा।राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट एण्ड टेक्नोलॉजी बरेली के गृहविज्ञान विभाग में फैशन मेकर माडर्न स्युविंग मशीन पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें बी.एस.सी., एम.एस.सी., बी.ए. ,एम.ए. की छात्राओं को टैक्सटाइल डिजाइनिंग में प्रयुक्त होने वाली तकनीकियों एवं नवाचार से अवगत कराया गया।




संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि राजश्री संस्थान द्वारा ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से महिलाओं को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उठाया गया कदम है। संस्थान के डीन प्रो0 साकेत अग्रवाल ने कैरियर निर्माण के लिए वस्त्र और परिधान जैसे क्षेत्रों में भारी स्कोप से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

वर्कशॉप में मॉडर्न स्युविंग मशीन सिंगर मेक, बरेली के एरिया मैनेजर शेखर भारती ने मशीन के नये फीचरों से अवगत कराया। छात्राओं ने विभिन्न एम्ब्रायडरी डिजाइनों के साथ पीको जिग-जैग, प्लेन स्टिच, काज इन्टरलॉक के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया।

वर्कशॉप के आयोजन में रजिस्ट्रार दुष्यन्त माहेश्वरी, प्राचार्य डॉ. मुकेश पाल गंगवार उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा गंगवार, शिवानी कटियार, विदिशा आनन्द, निमिषा सिंह, शिवांगी अरोरा का सहयोग रहा।

# आप अच्छे नागरिक तभी बन सकेंगे जब आपके पास नये-नये विचार होगे : राज नारायण गुप्ता

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में सिविल सेवा दिवस के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सिविल सोसायटी बरेली के संयोजक राज नारायण गुप्ता रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सिविल सोसायटी बरेली के संयोजक राज नारायण गुप्ता, सामाजिक संस्था सौगात की सचिव कु. करिश्मा, प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल, अकादमिक अधिकारी डॉ. मीनाक्षी चन्द्रा, बी.एड. विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कमल किशोर मेहरोत्रा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।




कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. मीनाक्षी चन्द्रा (अकादमिक अधिकारी) ने अपने स्वागत उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तरता बनाये रखने के लिए कहा तथा मुख्य अतिथि का कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं से संक्षिप्त परिचय करवाया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए सिविल सेवकों के कार्यो की चुनौतियों के बारे में अवगत कराया। उन्होने सिविल सेवा में जाने हेतु छात्रों में क्या-क्या गुण होने चाहिए इसमें उन्होने एकाग्रता को सिविल सेवकों का सर्वप्रमुख गुण बताया। उन्होने कहा कि समाज के जागरूक नागरिकों को सवाल उठाना चाहिए नये नये विचार होने चाहिए सिविल सेवा दिवस के विषय में उन्होने कहा कि समाज के सिविल सेवकों को सम्मानित किया जाए तथा नागरिकों में इतनी शक्ति हो कि अगर सिविल सेवक कोई गलती कर रहा हो उसको बता सके। उन्होने कहा कि जनता को मैकाले की शिक्षा पद्धति को छोडने का आवाहन किया तथा कहा कि आप अच्छे नागरिक तभी बन सकेंगे जब आपके पास नये-नये विचार होगे उन्होने सिविल सोसायटी, बरेली के माध्यम से उन्होने अपने विभिन्न कार्यो एवं अनुभवों को साझा किया। उन्होने महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में भी सिविल सोसायटी की छात्र विंग स्थापित करने का आवाहन किया। छात्रों ने उनसे अनेक प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत डॉ. कमल किशोर मेहरोत्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय गुप्ता, डॉ. रंजना जायसवाल, नमिता गुप्ता, संचित कक्कड़, डॉ. शिवानी शर्मा, अजीत सिंह, डॉ. पूजा अग्रवाल, उपमा गुप्ता, प्रफुल्ल पाठक, शैलेष गुप्ता, हर्षित रस्तोगी, चन्द्र प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# विश्व हिंदू महासंघ भारत ने फूंका ममता बनर्जी का पुतला

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा योगी आदित्य नाथ को अभद्र भाषा का प्रयोग करना और पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार, मंदिरों में तोड़फोड़ के विरोध में विश्व हिंदू महासंघ भारत के जिला अध्यक्ष



अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में ममता बनर्जी का पुतला फूंका और जिलाधिकारी कार्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन।

विश्व हिन्दु महासंघ भारत के जिला अध्यक्ष ने कहा कि विश्व हिंदू महासंघ के संरक्षक योगी आदित्यनाथ के लिए ममता बनर्जी के द्वारा अभद्र भाषा का उपयोग करने और बंगाल में हिंदू पर हिंसा अत्याचार लगातार हो रहे है विश्व हिंदू महासंघ भारत पश्चिम बंगाल राष्ट्रपति शासन की मांग करता है। इसलिए आज ममता बनर्जी का पुतला भूखा है।

हम मांग करते हैं कि ममता बनर्जी अपने शब्दों को तुरंत वापिस लेकर हिंदू युवा सम्राट पूज्य योगी से माफी माँगे अन्यथा महासंघ के कार्यकर्ता पश्चिम बंगाल में ही आकर ममता का घेराव करने पर मजबूर हो जाएँगे। ज्ञापन देने वालों में पुनीत शर्मा , प्रदीप शर्मा , अशोक अग्रवाल , वीरेंद्र शर्मा , अमित गंगवार , प्रदीप शंखधार, मदन लाल, वीरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं पर भाकियू ने डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने डीएम के नाम प्रशासनिक अफसरों को ज्ञापन सौंपा। इसमें आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा, गन्ना बकाया भुगतान, बिजली आपूर्ति सुचारू करने, सरकारी क्रय केंद्र पर गेहूं की सही तरीके से खरीद करने समेत विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई।



भाकियू जिलाध्यक्ष चौधरी सोमवीर सिंह ने कहा कि फरीदपुर साधन सहकारी समिति पर 100 किसानों के नाम पर दलालों ने फर्जी तरीके से लोन निकाल लिया। बैंक कर्मी इसमें साधन सहकारी समिति के कर्मचारियों की दलालों से सांठगांठ है। जब उनकी तरफ से पूरे मामले की जांच की मांग की गई तो साधन सहकारी समिति की तरफ से 8000 रुपये की रसीद मांगी गई। अन्य वक्ताओं ने कहा कि आवारा पशुओं ने खेत में गेहूं, गन्ना समेत अन्य फसलों को चौपट कर दिया है। किसान परेशान हैं।

### फसलों की सुरक्षा और गन्ना भुगतान पर भाकियू का प्रशासन से दो टूक सवाल

शासन को आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा करने के लिए ठोस कदम उठाना चाहिए। बहेड़ी और फरीदपुर के अलावा मीरगंज चीनी मिलों से गन्ना के बकाया भुगतान पर भी जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि चीनी मिलें किसानों का गन्ना बकाया भुगतान नहीं कर रही हैं। प्रशासन चीनी मिल प्रशासन पर किसानों के बकाया भुगतान जल्द कराने का दबाव बनाए। ज्ञापन देने वालों में भारतीय किसान यूनियन के आमिर रजा, हाजी मोहम्मद इकबाल, कासिफ रजा, राजेंद्र सिंह, सुनील यादव समेत तमाम पदाधिकारी शामिल थे।

# चर्च संपत्ति पर भूमाफियाओं का अवैध कब्जा

**बहजोई (जनपद सम्भल):**

डिवाइन फेथ फैलोशिप चर्च, बहजोई द्वारा आज आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस कांफ्रेंस में चर्च नेतृत्व ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि चर्च की वैध सम्पत्ति – दुकान संख्या-08, काठ बाजार, बहजोई – पर भूमाफियाओं ने षड्यंत्रपूर्वक अवैध कब्जा कर लिया है और फर्जी विक्रय-पत्र के माध्यम से रजिस्ट्री करवा दी है, जो स्पष्ट रूप से गैरकानूनी और अल्पसंख्यक समाज के अधिकारों का उल्लंघन है। चर्च के विकार जनरल रेवरेंड डॉ. राहुल उठवाल ने बताया कि उक्त संपत्ति चर्च की है और पहले श्री भगवती प्रसाद बजाज को वर्ष 2022 में 11 माह की वैध किरायेदारी पर दी गई थी। परंतु किरायेदार द्वारा संपत्ति को हड़पने की मंशा को भांपते हुए चर्च ने वाद संख्या 843/2023 मा. सिविल जज (जू.डि.), चंदौसी में वाद दायर किया जो अभी विचाराधीन है।

इसके बावजूद, दिनांक 08.07.2024 को चन्द्रप्रकाश, अमित कुमार, राजेश कुमार व अतुल कुमार जैसे व्यक्तियों ने षड्यंत्रपूर्वक फर्जी दस्तावेज तैयार कर, अभिषेक वार्ष्णेय के नाम संपत्ति का फर्जी बैनामा रजिस्ट्री करा दिया। इसमें उप निबंधक चंदौसी, अधिवक्ता बाबूलाल व टाइपिस्ट मो. यूसुफ की भूमिका भी संदिग्ध है।

जबकि उक्त संपत्ति पर पूर्व में भी चर्च के पक्ष में निर्णय दिए गए हैं (वाद संख्या 133/1970, 82/1972 एवं अपील 2013)। वर्तमान में निष्पादन वाद संख्या 02/2023 न्यायालय में लंबित है।

# एन एच आई के अधिकारी साहेब एक नजर इधर भी

**ढेरही टोल प्लाजा बना विवादों का अड्डा**
**साइड लेन में भी कट रहे पैसे आए दिन हो रहा विवाद**
**कई बार हो चुका है किसानों का विरोध प्रदर्शन**

**दैनिक समाज जागरण अतुल सोनी चोलापुर वाराणसी**



चोलापुर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-28 पर स्थित ढेरही (डेरही) टोल प्लाजा पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है, अर्धनिर्मित सड़क पर टोल वसूली को लेकर किसानों के भारी विरोध के बाद स्थानीय लोगों को साइड लेने से आधार कार्ड पहचान पत्र दिखाकर बिना टोल टैक्स के आने जाने का सब्जबाग एनएचएआई के अधिकारियों व टोलकर्मियों द्वारा दिखाया गया। लेकिन टोलकर्मियों ने मनमानी करते हुए साइड लेने में भी अपने कैमरे लगा दिए तथा साइडलेन से गुजरने वाले वाहन चालकों के भी आए दिन टोल टैक्स उनके फास्ट टैग से कट रहे हैं। आधार कार्ड व पहचान पत्र दिखाकर साइड लेने से गुजरने के बावजूद आए दिन फास्ट टैग से पैसे कटने के कारण टोलकर्मियों तथा वाहन स्वामियों में गाली गलौज तथा मारपीट की स्थिति बनी हुई है। गौरतलब है की उक्त टोल प्लाजा को बंद करने के लिए किसान कई बार विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत तथा पुलिस की शह से ढेरही टोल प्लाजा संचालित हो रहा है।

# पुलिस तीन अपहृताओं को किया बरामद

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी । फुलपुर पुलिस ने घर के बाजार के लिए निकली एक महिला समेत दो नाबालिक के संदिग्ध परिस्थितियों में गायब होने की सूचना पर कार्रवाई करते हुए उन्हें बरामद कर लिया। पुलिस को दिए तहरीर में पीड़ित पिता ने तहरीर दी कि 17अप्रैल को तीन नाबालिक पुत्रियाँ पिंडरा बाजार जाने के लिए घर से निकलीं, परंतु वापस नहीं लौटीं। काफी खोजबीन के बाद भी जब वे नहीं मिली । पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए अपहरण का मुकदमा कर जांच प्रारंभ की। प्रभारी निरीक्षक फूलपुर प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृताओं की बरामदगी के लिए, जिन व्यक्तियों से उनका मोबाइल पर बात हो रहा था, उनसे सख्ती से पूछताछ की। सर्विलांस सेल व जालौन पुलिस की मदद से लड़कियों को सुरक्षित बरामद किया। पूछताछ के दौरान महिला द्वारा बताया गया कि उसकी जालौन के कालपी के रहने वाले छोटू अहिरवार और एक नाबालिग लड़के के साथ फोन पर बातचीत होती थी। वह अपनी मर्जी से उनके साथ अपनी बेटी व दो भतीजियों को लेकर दिल्ली घूमने गयी थी ।

# कर्मवीर स्व0 सत्यदेव सिंह के व्यक्तित्व का निर्माण धारा के प्रवाह में हुवा था

**समाजवादी चेतना के शिखर पुरूष एवं गाजीपुर के मालवीय थे स्व0 सत्यदेव सिंह**
**96 वी जयंती पर विशेष**

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**



स्व०सत्यदेव सिंह समाजवादी चेतना के शिखर पुरूष थे। आप अद्भुत साहसी एवम चिंतनशील होने के साथ साथ रचनाधर्मी व्यक्तित्व थे।आपके व्यक्तित्व का निर्माण धारा के प्रवाह में हुवा था।जो व्यक्तित्व संघर्षों से निर्मित होता है उसे भावनाएं पिघला नहीं पाती है। स्व सत्यदेव सिंह का जन्म 22 अप्रैल 1929 में गाजीपुर जनपद के जहूराबाद विधानसभा क्षेत्र के बाराचवर ब्लाक के सागापाली गांव के एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। प्रारम्भिक शिक्षा कक्षा चार तक गांव के स्कूल से एवम कक्षा पांच की शिक्षा करीमुद्दीनपुर से पास किये थे। हाईस्कूल की शिक्षा विहार के डुमरांव से तथा इण्टर मिडिएट सतीश चन्द्र कालेज बलिया से ग्रहण किये थे।वर्ष 1952 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बी ए एवं 1961 में बनारस काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से एम ए की परिक्षा उत्तिर्ण किये। ग्रेजुएशन करने के बाद वर्ष 1957 में आप सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लडे थे।आप महान समाजवादी विचारक एवं धुन के पक्के व्यक्ति थे।वर्ष 1954 -55 में आप मुहम्मदाबाद हाई स्कूल में अध्यापक हो गये।लेकिन मन में राजनीतिक रूझान उसी समय से बढ रही थी।वर्ष 1962 में आप अपने गांव के पास ढोटारी इण्टरमीडिएट कालेज के प्रधानाचार्य नियुक्त हो गये थे। निर्धन एवं दलितों के प्रति आपके मन में संवेदना तथा मानस में दायित्वबोध था। तेज तर्रार मस्तिष्क, आभायुक्त मंडल.वाक्पटुता उनके व्यक्तित्व का आकर्षण था।सामाजिक समरसता के स्वभाव ने उन्हें समाज में सम्मानजनक पहचान दी थी। स्व सत्यदेव सिंह सिद्धांत कर्म एवं व्यवहार के आदर्श संगम थे।आत्मीयता से भरा उनका चुम्बकीय व्यक्तित्व बरबस ही किसी को भी अपनी तरफ आकर्षित कर लेता था। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का प्रकाश फैलाना उनके जीवन का परम लक्ष्य था।आप कर्तब्यनिष्ठ अनुशासन प्रिय एवं कर्तव्य के प्रति समर्पित आदर्श शिक्षक थे।हिन्दी और अंग्रेजी भाषा के वे अध्येता थे।आप अंग्रेजी धाराप्रवाह बोल कर सबको चकित कर देते थे।शुरूआती दौर में आप समाजवादी आन्दोलन के साथ जुडे रहे।आचार्य नरेन्द्र देव एवम डा०<राम मनोहर लोहिया आपकी राजनीति के आदर्श पुरूष थे।
समाजवादी आंदोलन एवम शिक्षा के क्षेत्र में आपका महान योगदान है।
गीता का योगः कर्मसु कौशलम् आपके जीवन का मूल मंत्र था।जिसका आपने जीवनपर्यन्त अनुसरण किया।इसी का परिणाम है की आज आपकी किर्ती चतुर्दिक फैली हुई है। आपके दो सुयोग्य पुत्र है डा आनन्द सिंह एवम डा सानन्द सिंह जो भोपाल एवम बलिया सतीश चन्द्र कालेज में प्रोफेसर है। आप दोनों भी अत्यंत मृदुभाषी. मिलनसार. सरल एवं निर्मल चित्त के व्यक्ति है। आपके कनिष्ठ पुत्र प्रोफेसर डा ०सानन्द सिंह ने अपनी कर्मठ साधना के बल पर अपने पिताश्री के सपनों को साकार करने का काम कर दिखाया है। आज अनेक शिक्षण संस्थाएं उनकी किर्ती पताका फहरा रही है।डा राम मनोहर लोहिया डिग्री कालेज अध्यात्मपुरम् सागापाली. सत्यदेव इन्स्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी बोरसिया गांधीपुरम्.सत्यदेव डिग्री कालेज बोरसिया. सत्यदेव इंस्टीट्यूट आफ टीचर्स ट्रेनिंग बोरसिया. सत्यदेव कालेज आफ फामेर्सी बोरसिया गाधिपुरम् गाजीपुर, सत्यदेव ला कालेज.सत्यदेव इण्टरनेशनल स्कूल गाधिपुरम् बोरसिया गाजीपुर.सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल सागा पाली शिक्षा के जीवन्त देवालय है।जो स्व० सत्यदेव सिंह की आत्मा को अमरत्व प्रदान करते है। आपका निधन वर्ष 2017 के 28 दिसम्बर को 88 वर्ष की उम्र में हो गया था। मंगलवार 22 अप्रैल को आपके 96 वी जयंती के अवसर पर सत्यदेव कालेज में पुष्पांजलि एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

# आदिवासी संस्कृति को मजबूती प्रदान करने में जनजातीय नृत्य कार्यशाला सहायक माध्यम होगी।

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। विलुप्त हो रही गोंडी नृत्य आदिवासी संस्कृति को मजबूती प्रदान करने में जन जातीय नृत्य कार्यशाला सहायक माध्यम होगी। उक्त बातें उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति कला संस्कृति संस्थान (संस्कृति विभाग) व जनजातीय शोध एवं विकास संस्थान वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में गनेशपुर ,हरहुआ में आयोजित दस दिवसीय 'जन जातीय नृत्य कार्यशाला' का आदिवासी नायक बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि महेंद्र प्रसाद वरिष्ठ समाजसेवी ने अपने उद्बोधन में व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि बुधिराम गोंड ,बाबूलाल पटेल सहित अन्य अतिथियों ने चित्र पर माल्यार्पण किया। वक्ताओं ने कहा कि दस दिवसीय जनजातीय नृत्य कार्यशाला में जनजातीय समाज की विलुप्त होती गोंडी नृत्य, कर्मा एवं शैला नृत्य को गहनता पूर्वक सिखाया जाएगा। जिसे सीखकर आदिवासी संस्कृति को मजबूती प्रदान करने में सहायक होगी। वर्तमान में जनजातीय समाज की अनेक संस्कृति विलोपन के कगार पर है जिसे उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, सस्कृति विभाग, लखनऊ के प्रयास से जीवन्त करने का कार्य किया जा रहा है। कार्यशाला के प्रशिक्षक विनोद कुमार गोंड एवं सहायक दिलीप ने प्रतिभागियों को प्रथम दिन में जनजातीय नृत्य को कब, कैसे और किस पर्व एवं त्योहार पर किया जाता है, जिसे सहजता पूर्वक प्रतिभागियों को बताया। कार्यशाला में बृजभान 'मरावी' सचिव/प्रबंधक-जनजातीय शोध एवं विकास संस्थान, वाराणसी ने कहा कि दस दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से जनपद की दुर्लभ गोंडी जनजातीय नृत्य-गीत की बारिकियों को रोचात्मक बनाकर मंच पर कैसे प्रस्तुत किया जाए इस तरह से प्रशिक्षित किया जाएगा। और नये उम्र के बच्चों को सिखाया जाएगा। कार्यशाला में प्रियका गोंड, विजयलक्ष्मी गोंड, आचल गोंड, बलिराम, प्रितम गोंड, रंजीत गोंड सहित कई ने प्रतिभाग किया।

# आगे चल रहे ट्रेलर में दूसरे ने पीछे से मारा टक्कर , चालक की मौत

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**
**बाबतपुर,वाराणसी।**

पिंडरा वाराणसी - जौनपुर हाइवे पर रघुनाथपुर गांव के सामने रविवार की भोर में आगे चल रहे ट्रेलर में दूसरे ट्रेलर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमे एक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान की मौत हो गई। बताया जाता है कि वाराणसी से जौनपुर की तरफ एक 3 बजे भोर में एक ट्रेलर जा रहा था । और रघुनाथपुर गांव के सामने पंहुचा ही था तभी चालक को गहरी नींद आने के चलते कि आगे जा रहे दूसरे ट्रेलर में जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके उसका अगला हिस्सा बुरी तरह छतिग्रस्त हो गया और चालक केविन मे फस गया।स्थानीय व पुलिस के कड़ी मशक्त के बाद चालक को बाहर निकालकर इलाज हेतु बड़ागांव पीएचसी ले जाया गया। जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई । मृतक चालक विनोद वर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी लौहारा थाना काजीपुर सुल्तानपुर बताया जा रहा है। घटना के बाद आगे चल रहा ट्रेलर सहित चालक भाग गया । इंस्पेक्टर फुलपुर प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि चालक के स्वजनों को सूचना देने के साथ शव को शिवपुर स्थित मर्चरी हाउस में रखा गया है।

# कार को टीएसआई ने परमिट फेल होने पर किया सीज।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ रिंग रोड चौराहे पर सोमवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब वाहन चेकिंग के दौरान एक कार चालक ने ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर (टीएसआई) से न केवल बहस की बल्कि खुद को पूर्व एमएलसी का रिश्तेदार बताकर धमकाने लगा। इस घटना से मौके पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो गई। बताया जा रहा है कि टीएसआई अजय कुमार गुप्ता द्वारा चौराहे पर सामान्य चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान एक कार को जांच के लिए रोका गया, लेकिन चालक ने रुकने के बजाय अभद्रता शुरू कर दी। जब उसे कागजात दिखाने को कहा गया, तो वह खुद को पूर्व विधान परिषद सदस्य का रिश्तेदार बताकर रौब झाड़ने लगा। चालक की तीखी बहस और धमकी के चलते चौराहे पर माहौल तनावपूर्ण हो गया। ट्रैफिक की रफ्तार कुछ देर के लिए थम गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीएसआई ने अधिकारियों को तत्काल सूचित किया और कार को सड़क किनारे करवाया। जब तक हरहुआ पुलिस चौकी से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, तब तक आरोपी चालक अपनी कार वहीं छोड़कर भाग निकला। टीएसआई अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि परमिट फेल होने के कारण कार को सीज कर दिया गया है और आगे की जांच जारी है।

# शादी समारोह से बाइक हुई चोरी

**समाज जागरण**
**प्रभात कुमार सेठ फूलपुर वाराणसी।।**

फूलपुर थाना क्षेत्र के करखियाव डीह बाबा मंदिर के समीप एक शादी समारोह में शरीक होने आए एक व्यक्ति की बाइक अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर गायब कर दी गई। इस मामले में फूलपुर थाना के करखियाव निवासी अवनीश मिश्रा ने अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने बताया कि वह बीते रात्रि अपनी बाइक से अपने ही गांव निवासी सोनू कुमार गोंड के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होने आए थे। इस दौरान अपनी बाइक डीह बाबा प्रांगण में खड़ा कर समारोह में शामिल होने गए। जब देर रात्रि वापस आया तो उनकी बाइक वहां से गायब थी।जिसके बाद उसने अपने स्तर पर बाइक व चोर का पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन, असफल रहा। अब उसने पुलिस को शिकायत देकर आरोपी का पता लगाकर बाइक बरामद करने की मांग की है।

# डीएम ने आईजीआरएस/मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सन्दर्भो की मानीटरिंग हेतु कन्ट्रोल रूम का किया उद्घाटन

**डीएम कैम्प कार्यालय से आईजीआरएस/मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सन्दर्भो की होगी मानीटरिंग**

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। आम जनमानस की शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्वक निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में से है, ऐसे में बड़ी संख्या में प्राप्त होने वाले आईजीआरएस/मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सन्दर्भो व सीएम डैशबोर्ड की मानीटरिंग हेतु जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कैम्प कार्यालय में बनाये गये कन्ट्रोल रूम का फीता काटकर उद्घाटन किया। कन्ट्रोल रूम के मानीटरिंग हेतु डीएम ने निर्धारित दिवसों में अधिकारियों को नामित किया है। उन्होने सोमवार व मंगलवार हेतु अपर उप जिलाधिकारी (प्रथम) को, बुद्धवार व वृहस्पतिवार हेतु अपर उप जिलाधिकारी (द्वितीय) को, शुक्रवार व शनिवार हेतु अपर उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर को तथा रविवार हेतु उपजिलाधिकारी सदर को नामित किया है। नामित अधिकारी अंकित दिवसों पर न्यायालय अवधि के उपरान्त कन्ट्रोल रूम में उपस्थित रहकर प्राप्त सन्दर्भो का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं फीडबैक तथा अन्य कन्ट्रोल रूम से संचालित होने वाली समस्त प्रकार के कार्यो की मानीटरिंग करेगें और प्रतिदिन सायंकाल को प्रगति से मुख्य राजस्व अधिकारी (प्रभारी अधिकारी आईजीआरएस) के माध्यम से डीएम को अवगत करायेगें। इसके अतिरिक्त कन्ट्रोल रूम में ग्राम विकास अधिकारी (स0क0) हरिशिव पटेल व आकांक्षा पाण्डेय, ग्राम विकास अधिकारी उमाकान्त तथा लेखपाल सतीष गुप्ता को भी तैनात किया गया है। डीएम ने इस दौरान कन्ट्रोल रूम में लगाये गये कम्प्यूटर सिस्टम व कार्यप्रणाली का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अजय तिवारी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पुष्पेन्द्र व कैम्प कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस के तत्परता, तीन अपहृताओं को किया सुरक्षित बरामद

**समाज जागरण प्रभात कुमार सेठ फुलपुर वाराणसी**

17 अप्रैल 2025 को वादी की तीन पुत्रियाँ पिंडरा बाजार जाने के लिए घर से निकलीं, परंतु वापस नहीं लौटीं। काफी खोजबीन के बाद भी जब वे नहीं मिलीं, तो वादी द्वारा दिनांक 18 अप्रैल 2025 को थाना फूलपुर में लिखित



तहरीर दी गई। पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए अभियोग पंजीकृत किया और जांच प्रारंभ की। प्रभारी निरीक्षक फूलपुर द्वारा गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की। अपहृताओं की बरामदगी के लिए, जिन व्यक्तियों से उनका संवाद हो रहा था, उनसे सख्ती से पूछताछ की गई। सर्विलांस सेल व जालौन पुलिस की मदद और निरंतर प्रयासों से, लड़कियों को सुरक्षित बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई।

# सात ग्राम पंचायत सहायकों को समीक्षा में मिली फटकार


**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।हरहुआ विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी पंचायत रवि सिंह ने सोमवार को ऑन लाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये ब्लाक के समस्त पंचायत सहायकों की समीक्षा बैठक की।फेमिली आई डी बनाने को लेकर चर्चा की गई जिसमे सात पंचायत सहायकों की कार्य प्रगति ठीक न होने पर कड़ी फटकार लगाई और चेतावनी दी गई कि समय से कार्य पूरे न करने वाले पंचायत सहायकों का नोटिस के बाद मानदेय भी रोका जाएगा। प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत हरहुआ के अनुसार ब्लाक के कुल 75 ग्राम पंचायतों में कुल 73 पंचायत सहायक की तैनाती है। जिनको नियमित रूप से ग्राम सचिवालय में बैठकर ग्रामीणों की आम जरूरतों को सिस्टम के जरिये सुविधाएं प्रदान करना है। बार-बार कार्य मे शिथिलता को लेकर शिकायतों के मद्देनजर कार्यवाही की गई। यहाँ तक कि नोटिस तक की कार्यवाही की गई। इन दिनों फेमिली आई डी बनाने को लेकर लापरवाही सामने आई तो कड़ी चेतावनी दी गई।

# हार्टमनपुर चर्च में पोप फ्रांसिस को मोमबत्ती जलाकर एवं प्रार्थना सभा से दी गई श्रद्धांजलि

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

दिनांक 21 अप्रैल, 2025 का दिन पूरे विश्व के ईसाई समुदाय के लोगों के लिए अत्यधिक दुखद रहा। इसका मुख्य वजह कैथोलिक ईसाई धर्म गुरु पोप फ्रांसिस का 88 वर्ष की उम्र में आज के दिन निधन हो गया है। वह फेफड़ों के इन्फेक्शन की वजह से पिछले कई हफ्तों से अस्वस्थ चल रहे थे ।20



अप्रैल ,2025 को ईस्टर की शुभकामनाएं पूरे विश्व को दिया था और आज वेटिकन सिटी के समय अनुसार प्रातः 7:35 पर ईश्वर को प्यार हो गए। इस दुखद घड़ी में हार्टमनपुर चर्च में शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें हार्टमनपुर छात्रावास के छात्र-छात्राए, धर्म बहने, फादरगण आदि उपस्थित रहे। इस प्रार्थना सभा का शुभारंभ पोप फ्रांसिस के चित्र के सम्मुख मोमबत्तियां जलाकर किया गया तथा धार्मिक विधि अनुसार प्रार्थना सभा किया गया। यह पूरे विश्व के लिए एक क्षति है। इस शोक सभा का आयोजन फादर पी० विक्टर के अगुवाई में संपन्न हुआ।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति की बैठक हुई आयोजित

**बैठक में डीएफओ, आईटीआई के नोडल प्राचार्य व पर्यटन अधिकारी के अनुपस्थित मिलने पर की गयी कार्रवाई**

**समाज जागरण**
**दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**



प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति की बैठक माननीय सभापति पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित की गई जिसमें जनपद प्रतापगढ़ व फतेहपुर की समीक्षा की गयी। बैठक में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति के सदस्य उमेश द्विवेदी सहित विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक बाबागंज विनोद सरोज, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय तिवारी व जनपद के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने समिति के सभापति को बुक, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेटकर स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक ने समिति के सदस्य उमेश द्विवेदी को स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। समिति द्वारा बैठक के दौरान सभी समस्त कार्यालय में जनवरी 2019 से 31 दिसम्बर 2022 के मध्य सेवानिवृत्ति कार्मिक से संबंधित पेंशन, ग्रेच्युटी व अन्य देयकों के भुगतान की स्थिति, विभागों में मृतक आश्रित के मामले विगत 03 वर्षो से लम्बित तथा कितने मृतक आश्रित सेवायोजित किए गए, जीपीएफ के भुगतान की स्थिति, वृद्धावस्था-विधवा पेंशन के मामले विगत 03 वर्षो से लंबित प्रकरण, किसानों के प्रतिकर से सम्बन्धि तमामले विगत 03 वर्षो से जिसमें अधिग्रहण हो गया है, प्रतिकर का भुगतान न किया गया हो, बिजली-पानी से सम्बन्धित मामले जिनकी स्वीकृति मिल जाने के बाद ही विगत 01 वर्ष से लम्बित, भवनों के मानचित्र की स्वीकृति तथा भूमि सिलिंग सम्बन्धित प्रमाण जारी किये जाने के सम्बन्ध में मामले विगत 01 वर्ष से अधिक लम्बित आदि के संबंध में समीक्षा की गयी। बैठक का संचालन परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव द्वारा किया गया। राजस्व विभाग की समीक्षा में पाया गया कि मृतक आश्रित के तहत सेवायोजित हेतु लम्बित प्रकरणों पर निर्देशित किया गया कि शैक्षिक योग्यता के आधार पर सेवायोजित किया जाये। जीपीएफ भुगतान में कुल 45 प्रकरण थे जिसमें से 44 का भुगतान कर दिया गया था शेष 01 राम मिलन यादव संग्रह अमीन का आपत्ति निस्तारण हेतु लम्बित है जिस पर निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द आपत्ति निस्तारण कराकर भुगतान कराया जाये। नजारत विभाग में मृतक आश्रित के पद पर जो भी प्रकरण लम्बित है उनके आश्रितों से बात करके प्रकरण का समय रहते निस्तारण किया जाये। गृह विभाग में 03 वर्षो से अब तक जनपद में मृतक कार्मिकों के आश्रितों को सेवायोजन प्रदान किये जाने हेतु 14 प्रकरण लम्बित पर जिस पर सभापति ने निर्देशित किया गया कि लम्बित प्रकरणों पर आश्रितो को बुलाकर पत्राचार की कार्यवाही प्रारम्भ की जाये और इसकी समिति बना ली जाये और समय रहते निस्तारण कराया जा सके। खाद्य विपणन विभाग में सेवानिवृत्त कार्मिकों के भुगतान की स्थिति की जानकारी ली गयी तो डिप्टी आरएमओ द्वारा लम्बित प्रकरण पर सही जानकारी न दिये जाने पर उनको लम्बित पत्रावली के साथ मुख्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया। इसी प्रकार डीएफओ व जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रकरणों के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि मुख्यालय पर सूचनाओं के साथ उपस्थित हो। वन विभाग की समीक्षा में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी बगैर किसी सूचना के अनुपस्थित पाये गये जिस पर सभापति द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी और डीएफओ के विरूद्ध कार्रवाई के लिये शासन को पत्र प्रेषित करने का निर्देश दिया गया। डीएफओ के अनुपस्थित रहने पर डीएम ने स्पष्टीकरण का निर्देश दिया। आईटीआई के नोडल प्राचार्य बैठक में अनुपस्थित मिले जिस पर सभापति द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गयें। पर्यटन अधिकारी भी बैठक में अनुपस्थित मिले जिस पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। वृद्धावस्था व विधवा पेंशन में 03 वर्षो से अधिक कोई भी प्रकरण लम्बित नही पाया गया। भवनों के मानचित्र की स्वीकृति तथा भूमि सिलिंग सम्बन्धित प्रमाण जारी किये जाने के सम्बन्ध में मामले विगत 01 वर्ष से अधिक लम्बित आदि के संबंध में समीक्षा की गयी जिस पर बताया गया कि सभी आवेदनों पर कार्यवाही प्रचलित है।
समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग, जिला होम्योपैथ, पशुपालन विभाग, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, खादी ग्रामोद्योग विभाग में जीपीएफ, मृतक आश्रित, ग्रेच्युटी, नकदीकरण के प्रकरण पर सभापति ने निर्देशित किया कि जिन विभागों के जो भी प्रकरण कार्यालय/उच्च स्तर पर लम्बित है अपने मुख्यालय और महालेखाकार उ0प्र0 से वार्ता कर लम्बित प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाये तथा मृतक आश्रितों के प्रकरण पर शैक्षिक योग्यता के आधार पर नियुक्ति की कार्यवाही की जाये। सभापति ने निर्देशित किया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सभी देयकों का भुगतान समय से कराना सुनिश्चित करें, यदि यह पाया जायेगा कि पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारी का देयक लम्बित है और वर्तमान में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देयकों का भुगतान हो गया है तो सम्ब्न्धित के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। सभापति ने सम्बन्धित विभाग के संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। अन्त में जिलाधिकारी ने कहा कि सभापति द्वारा जो भी दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन दिये गये है उसका सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अक्षरशः अनुपालन कराया जायेगा। बैठक के उपरान्त उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति के सभापति पवन कुमार सिंह द्वारा विकास भावन परिसर में 05 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल पर बैठाकर माला पहनाकर उन्हें हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

# डॉ लाल पैथोलॉजी सेंटर का भव्य उद्घाटन करने पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सपा विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज। लखनऊ विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज के कस्बा मोहनलालगंज में सोमवार को डॉ लाल पैथोलॉजी सेंटर का शुभारंभ किया गया। कोटक महिंद्रा बैंक के नीचे स्थित इस केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर और बार एसोसिएशन के महामंत्री एडवोकेट राम लखन यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर अंगद यादव एवं सतीश गुप्ता द्वारा स्थापित सेंटर को लेकर



स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिला। उद्घाटन समारोह में पूर्व प्रधान दल्लू सिंह, एडवोकेट अमरेंद्र प्रताप सिंह, प्रधान उमेश यादव, राजकिशोर 'राजू' रावत, एडवोकेट अरुण विश्वकर्मा, कालेंद्र यादव, नितुल शर्मा, किशन यादव, शनि यादव, हरीशंकर रावत, सुमिरन रावत, संतराम रावत और अंगूर सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। आपको बता दें की वही दूसरी तरफ पूर्व विधायक अमरीश सिंह पुष्कर ने पैथोलाजी के विषय में बेहतर बात कही कहा कि इस क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता थी, और इस पैथोलॉजी सेंटर के खुलने से आमजन को लाभ मिलेगा।